हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री


व्यापार विहार जाने वाली सड़क के डिवाइडर पर लगाए गए पेड़।



## खबर संक्षेप

### रहमान बने एसईसीआर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के नए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पद शेख समी उर रहमान ने ग्रहण कर लिया है। वहीं पूर्व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव का स्थानांतरण रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर हुआ है। शेख समी उर रहमान 2015 बैच के भारतीय रेल यातायात सेवा के अधिकारी हैं। मूलतः छत्तीसगढ़ के दुर्ग निवासी श्री रहमान ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी रायपुर से सूचना प्रौद्योगिकी में बीटेक की उपाधि, वर्ष 2016 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भारतीय रेल यातायात सेवा में चयनित होने के उपरांत 14 दिसम्बर 2016 को रेलवे में अपनी सेवाएं प्रारंभ की। इससे पूर्व रहमान पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने सहायक परिचालन प्रबंधक, मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना काउंसिलिंग आज

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के परिणाम के बाद चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग के लिए अनुसूचित जाति वर्ग के मेरिट क्रमांक 1 से 12 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेरिट क्रमांक 1 से 9 तक के अभ्यर्थियों को 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे प्री-मैट्रिक सामूहिक बालक छात्रावास, जरहाभाठा में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। मेरिट सूची के संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अभ्यर्थियों को कक्षा चौथी एवं पाँचवीं की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से साथ लाने होंगे।

### सुबह से बंद रही बिजली व्यापारी हलाकान

**बिलासपुर।** तेलीपारा क्षेत्र के मेडिकल कॉम्प्लेक्स में सोमवार की सुबह से ही बिजली बंद रही, इस दौरान दवा विक्रेता व्यापारी खासे परेशान रहे। बताया जा रहा है कि सुबह 11 बजे से बिजली की आंखमिचौली रही, इस दौरान एक फेस नहीं आने के कारण दर्जनों दुकानों में बिजली बंद रही। शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बहाल हो सकी। इस दौरान दवा विक्रेताओं ने कहा कि घंटों बिजली बंद होने के कारण जीवनरक्षक दवाओं के खराब होने का अंदेशा बना रहता है। इससे व्यापारियों को हानि उठानी पड़ती है।

# 1959 में बनी कंपोजिट बिल्डिंग, आज तक नहीं बदली गई छत की शीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

1959 में बनाई गई पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग की 67 साल बाद भी छत पर लगी शीट तक नहीं बदली जा सकी है। हालत यह है कि बारिश के चार महीनों में छत से लगातार पानी टपक रहा है, जिसके नीचे बैठकर कर्मचारी काम करने को मजबूर हैं। मेंटेनेंस की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है। जो पूरी की भी जा रही है, लेकिन मेंटेनेंस के लिए जो राशि उपलब्ध है, उसमें छत पर केवल पालीथीन ही बिछाई जा सकती है, लिहाजा सालों से छत पर पालीथीन ही बिछ पा रही है।

कलेक्टोरेट के ठीक सामने स्थित कंपोजिट बिल्डिंग की स्थापना 29 जून 1959 को की गई थी। दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तब से लेकर आज तक करीब 67 सालों बाद भी बिल्डिंग की छत पर लगी सीमेंट की एसबेस्टर शीट तक नहीं बदली जा सकी है। भवन के मेंटेनेंस की जिम्मेंदारी लोक निर्माण विभाग की है, लेकिन फंडिंग के अभाव में विभाग केवल छोटे-मोटे सुधार ही कर पा रहा है, जबकि जरूरत बड़े सुधार की है। लगातार बारिश व धूप के प्रभाव से भवन की छत जर्जर हो चुकी है। प्लास्टर गिरने लगे हैं। बारिश के चार महीने यहां छत से पानी टपकता रहता है, जिसके नीचे बैठकर काम करना कर्मचारयों की मजबूरी हो गई है।


इस समस्या से लगातार परेशान हो रहे कंपोजिट बिल्डिंग के कर्मचारियों ने बीते दिनों कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई थी। तात्कालिक राहत देने लोक निर्माण विभाग हर साल बारिश के दिनों में छत पर प्लास्टिक बिछाकर कर्मचारियों को टपकती छत से राहत देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन यह काफी नहीं है।

**67 साल से नहीं हुआ कोई सुधार**

**छत से टपक रहा पानी, नीचे बैठकर काम कर रहे कर्मचारी**









### शासन को तीन बार गया एस्टीमेट, लेकिन निराशा

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में बेहतर सुधार के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को कई बार स्टीमेट भेजा गया है, लेकिन शासन द्वारा एक बार भी स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। नाम नहीं छापने की शर्त पर लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अभी हाल में ही विभाग की ओर से 68 लाख रूपए का स्टीमेट शासन को भेजा गया है, ताकि बिल्डिंग की टूटी हुई सारी एसबेस्टर शीट, फॉल सिलिंग सहित विभिन्न कार्य पूरे किए जा सकें, लेकिन इस बार भी स्वीकृति नहीं मिल पाने के कारण काम नहीं हो सकेगा।

### इन प्रमुख विभागों के कार्यालय स्थापित

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में शासन के ढेरों शासकीय विभागों के कार्यालय संचालित होते हैं। इनमें रजिस्ट्री विभाग, आबकारी विभाग, मछली विभाग, पशुपालन विभाग, अंत्यावसायी विभाग, समाज कल्याण विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, जनसंपर्क विभाग, पीएचई, सहकारिता सहित अन्य विभाग शामिल हैं, जहां कर्मचारी टपकती छत के नीचे काम करने को मजबूर हैं।

### कई विभागों ने गलत तरीके से ले लिए हैं नल कनेक्शन

कंपोजिट बिल्डिंग की छत पर लगी पानी की टंकी से अपने विभाग तक पानी पहुंचाने के लिए कई विभागों ने लोक निर्माण विभाग को बगैर सूचना दिए एवं बिना किसी अनुमति के कनेक्शन खींच लिया है। इससे नुकसान यह हो रहा है कि पाईप लाईन से लगातार पानी लिकेज होने के कारण छत खराब हो रही है, जिससे सीलन व प्लास्टर गिरने की शिकायत आ रही है।

### सुधारी जाएगी स्थिति

पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग की यह समस्या संज्ञान में है। जब हर क्षेत्र में काम हो रहा है, तो यहां भी काम होगा। बिल्डिंग की स्थिति जरूर सुधरेगी।

- **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## आसपास के लोगों ने देखा था अपचारी बालकों को भागते

# लकड़ी की सीढ़ी से नीचे उतरे, गेट खोला दूसरे चौकीदार की बाइक लेकर हुए फरार

**संप्रेषण गृह में सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल**


छत पर लगाई गई सीढ़ी, जिससे उतरकर आरोपी भागे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा स्थित बाल संप्रेषण गृह में चौकीदार की हत्या करने के बाद आरोपी लकड़ी की सीढ़ी से नीचे उतरे और दूसरे चौकीदार की बाइक लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि फरार चारों अपचारी बालक हत्या, छेड़छाड़ और ड्रग्स से जुड़े संवेदनशील मामलों में बाल संप्रेषण गृह में बंद थे। पुलिस के अनुसार सभी की पहचान हो चुकी है। इनमें रायगढ़ और कोरबा जिले के किशोर शामिल बताए जा रहे हैं।


मृतक

बताया जा रहा है कि चौकीदार को मारने से पहले किशोर ने बड़ी की प्लानिंग कर रखी थी, पहले चौकीदार को टायलेट जाने का बहाना बनाया गया और जैसे ही दरवाजा खोला गया, वैसे ही चारों ने मिलकर चौकीदार के साथ मारपीट की। इसके बाद लुंगी, चादर और गमछे से चौकीदार के दोनों हाथ व पैरों को पीछे बांध कर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और पूरे चेहरे पर पकड़ा लपेट दिया गया था। जिससे चौकीदार का दम घुट गया। किशोरों ने भागने के लिए छत के रास्ते का इस्तेमाल किया, उनमें से एक पहले नीचे आया और दूसरों के लिए लकड़ी की सीढ़ी लगा दी, जिसके बाद किशोर गेट से बाहर निकलकर वहां से फरार हो गए। फरार नाबालिगों ने भागने के लिए संप्रेक्षण गृह के दूसरे चौकीदार की बाइक का उपयोग किया। बताया जा रहा है कि नूतन चौक से अशोक नगर की ओर उनकी बाइक गई है।


घटनास्थल पर लोगों से बात करते कलेक्टर।



बाल संप्रेषण गृह के बाहर घटना की जानकारी लेते एसएसपी।

### उभरते सवाल

- आखिर नाबालिगों में से कई ऐसे भी है जिसकी आयु 20 वर्ष से अधिक है, इसके बावजूद उन्हें जेल दाखिल क्यों नहीं किया गया है।
- 27 अपचारी बालकों की जिम्मेदारी चौकीदार के भरोसे कैसे की गई।
- हत्या करने के बाद सीढ़ी लगाकर नीचे उतारने वाला कौन था।
- गेट के रास्ते से आरोपी फरार हुए, ऐसे में उन्हें चाबी किसने दी और कैसे हासिल कर ली।
- जिस समय घटना हुई उस समस परिसर के दोनों गेट पर ताला लगा था, कई लोगों ने आरोपी को फरार होते देखा है, किसी ने कुछ किया क्यों नहीं

### परिजनों ने मचाया हंगामा

चौकीदार की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। सुबह से ही परिसर में भारी भीड़ जुटती रही और दोपहर बाद हंगामा मचने लगा। परिजनों का आरोप है कि यहां की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। उन्होंने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है। साथ ही परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और 5 करोड़ की राशि की मांग करते हुए दिन भर हल्ला मचाया। परिजनों ने शाम तक शव का पंचनामा और पीएम करने नहीं दिया है।

### एक किशोर हो चुका था बालिग

सूत्रों के अनुसार 4 अपचारी किशोरों में से एक की आयु 20 वर्ष से अधिक है। उसे कुछ ही दिनों में जेल भेजने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वारदात को किस तरह अंजाम दिया गया, गार्ड के हाथ-पैर कैसे बांधे गए, हत्या करने के लिए किसी हथियार या तरीके का उपयोग किया गया है। क्या फरार होने की प्लानिंग पहले से ही थी। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

### 7 किशोर निहत्थे चौकीदार के भरोसे

बताया जा रहा है कि बाल संपेक्षण गृह में 8 चौकीदारों की ड्यूटी रहती है, लेकिन रात में महज 2 चौकीदार मौजूद थे। मृतक चौकीदार किशोरों की आवाज सुनकर ही उठा था, जबकि दूसरा कूलर की हवा में सो रहा था।

### कैमरे का डीवीआर ले भागे किशोर

खास बात यह है कि किशोरों ने चौकीदार को मारने और फरार होने की प्लानिंग पहले से ही कर ली थी, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिस तरह से सीढ़ी लगाकर किशोर फरार हुए हैं, उसे परिसर के किसी व्यक्ति द्वारा सहयोग करने की बात सामने आ रही है। वहीं फरार होने से पहले बाइक और कैमरे की डीवीआर तक ले गए हैं।

### मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, एडीजे सहित पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच की प्रगति की जानकारी ली। पूरे परिसर को पुलिस ने घेराबंदी कर फोरेंसिक और अन्य साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने तलाश के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें रवाना की है। पुलिस को आरोपियों की पहचान स्पष्ट रूप से मिल चुकी है तथा उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### पेशी की तारीख बढ़ी

सोमवार को सैकड़ों अपचारी बंदियों की नियमित पेशी थी। ऐसे में बाल संपेक्षण गृह में सुबह 11 बजे से बड़ी तादात में वकील और परिजन मौजूद थे। सभी संपेक्षा गृह के अंदर जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी और सभी को गेट के बाहर ही रोक दिया गया था। करीब दो घंटे के बाद कर्मचारियों ने आकर परिजन और वकीलों को पेशी की तारीख बढ़ने की जानकारी दी, जिसके बाद थोड़ी भीड़ छट गई थी।

### दिन भर रही बिजली बंद

बिजली बंद होने के कारण जांच प्रभावित होती रही है, दरअसल दूसरी जगहों पर रखे कैमरे की जांच पुलिस करना चाह रही थी, लेकिन इस दौरान बिजली नहीं होने के कारण फुटेज की जांच नहीं हो पाई। बताया जा रहा है कि सुबह 10 से 3.30 बजे तक शेड्यूल मेंटनेंस के कारण बिजली बंद थी, इस दौरान लाइन शिफ्टिंग की जा रही थी।



**पिकनिक मनाने गए दोस्तों के सामने टूटा दम**

# औरापानी जलाशय में डूबने से युवक की मौत

**बिलासपुर।** दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने निकले 32 वर्षीय युवक की औरापानी जलाशय में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब सभी दोस्त जलाशय में नहाने उतरे थे। देखते ही देखते युवक गहरे पानी में डूबने लगा और दोस्तों की आंखों के सामने लापता हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा के गली नंबर 4 निवासी ऋषभ देव 32 वर्ष पिता ओमप्रकाश देव अपने दोस्तों के साथ सोमवार सुबह करीब 6 बजे औरापानी जलाशय पिकनिक मनाने पहुंचे थे। सुबह करीब 6.30 बजे युवक जलाशय में नहाने लगे। इसी दौरान ऋषभ देव अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन गहराई और तेज बहाव के कारण मिनटों में ही वह आंखों से ओझल हो गया। दोस्तों ने तत्काल कोटा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोटा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू टीम ने कई घंटे तक जलाशय में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आखिरकार दोपहर करीब 3 बजे ऋषभ का शव पानी से बाहर निकाला गया। शव मिलते ही वहां मौजूद दोस्तों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कुछ देर पहले तक जो दोस्त पिकनिक की खुशियां मना रहे थे, वही कुछ घंटों बाद अपने साथी को अंतिम बार देखते हुए फूट-फूटकर रो पड़े। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### जलाशय में आ चुका है पानी

जिले में पिछले एक हफ्ते मे अच्छी बारिश हो चुकी है। कई जलाशय में पानी भर चुका है। ऐसे में ऋषभ देव अपने दोस्त अभिषेक जायसवाल (दीनदयाल कॉलोनी), राकेश साहू (बृहस्पति बाजार), दीपक जायसवाल (मधुबन रोड), कुशल टेक्नो (टीपूपारा) और बिट्टू अली (धुरीपारा) के साथ पिकनिक पर गया था। यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर जलाशयों और बांधों में नहाने के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही के खतरों की याद दिलाता है। बरसात के मौसम में जलाशयों का जलस्तर और गहराई अचानक बढ़ जाती है, जिससे ऐसे स्थानों पर थोड़ी सी असावधानी भी जानलेवा साबित हो सकती है।

## तीन दिन में बिलासपुर डिवीजन में दूसरी घटना


# कोटा में मालगाड़ी के 3 वैगन पटरी से उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करगीरोड कोटा में कटनी से बिलासपुर आ रही खाली मालगाड़ी के तीन वैगन के पहिए बेपटरी हो गए, जिसके कारण डाउन और मीडिल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन घंटो प्रभावित हुआ।

सोमवार की दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर अनूपपुर, पेण्ड्रारोड से बिलासपुर आ रही खाली मालगाड़ी के तीन वैगन करगीरोड कोटा के प्लेटफार्म नम्बर दो डाउन लाइन नम्बर तीन पर बेपटरी हो गए। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी के कोटा स्टेशन पहुंचने से पहले चालक ने देखा कि आगे लाइन पर एक जेसीबी मशीन की बकेट पड़ी हुई थी। इसे देखने के बाद लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाया, ताकि ट्रेन को रोका जा सके। बाकेट और ट्रेन की दूरी कम होने की वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद मालगाड़ी के सामने का हिस्सा टकरा गया। इसकी वजह से इंजन के पीछे लगा पहला, तीसरा और छठवें नम्बर का वैगन पटरी से उतर गया। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर रेल मंडल के अधिकारी और कर्मचारी के साथ एआरटी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अफसरों ने बेपटरी हुए वैगन को लाइन पर लाने का काम शुरु कराया। बिलासपुर से अनूपपुर के बीच अप और मीडिल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। वहीं रेल लाइन पर जेसीबी की बकेट पड़े होने की वजह से दुर्घटना की आशंका व्यक्त की जा रही है।





### अब दो घटना की जांच एक साथ

रेल अफसरों के अनुसार शनिवार 11 जुलाई को चुचुहियापारा रेलवे यार्ड में मालगाड़ी के डिरलमेंट की जांच के लिए रविवार को दूसरे दिन छुट्टी होने की वजह से जांच टीम गठित नहीं हो सकी। 13 जुलाई को बिलासपुर डिवीजन के कोटा में दूसरी मालगाड़ी के वैगन के उतरने की घटना हो गई। इन दोनों घटनाओं की जांच एक साथ करने के लिए टीम का गठन किया जा रहा है।


## गूगल से मैप देखकर चला रहे थे गाड़ी


# दर्रीघाट पुल पर हुआ हादसा, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गूगल मैप की सहायता से रायगढ़ से बिलासपुर आ रही कार दर्रीघाट के अधूरे पुल पर चढ़ गई और नीचे नदी में गिर पड़ी, हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सिम में भर्ती कराया गया है।

बिलासपुर- उरगा मार्ग पर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत सड़क और पुल का निर्माण हो रहा है। तोरवा थाना क्षेत्र के दर्रीघाट-ढेका कर्रा के पास अरपा नदी पर पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। सोमवार की रात एक तेज रफ्तार टाटा नेक्सन कार क्रमांक सीजी 13 ए एस 9262 तेज रफ्तार से इस पुल पर चढ़ गई और करीब 30 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी कोरबा से बिलासपुर की ओर आ रहे थे। थाना प्रभारी रजनीश सिंह ने बताया कि रात करीब 8 बजे हादसे की सूचना मिली। जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वहां पुल का निर्माण कार्य अभी अधूरा है और आगे सड़क भी नहीं जुड़ी है।





प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार सवारों में संजय पटेल, चंद्रभान पटेल, सत्य नारायण पटेल, अनिल पटेल सवार थे। तेज रफ्तार के कारण कार सीधे निर्माणाधीन हिस्से तक पहुंच गई और पुल के अधूरे सिरे से हवा में उछलते हुए करीब 30 फीट नीचे जा गिरी। हादसे के बाद तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे चारों युवकों को बाहर निकाला। इसके बाद थाना पेट्रोलिंग वाहन और एंबुलेंस के जरिए सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। सभी घायलों का उपचार जारी है। घायल रायगढ़ जिले के निवासी हैं। वे कोरबा होते हुए रायपुर जा रहे थे। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग ने लगाया शिविर 470 मरीजों को औषधि वितरण




**बिलासपुर।** जिला आयुष अधिकारी डॉ यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में प्रथम बिल्हा विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन डॉ अपर्णा मिश्रा द्वारा ग्राम सेमरताल में किया गया। जहाँ जोड़ो के दर्द, रक्त की कमी, सर्दी बुखार, कमर दर्द, घुटने का दर्द,पेट की तकलीफ आदि के लिए दवाएं बांटी गई और रोगियों का निशुल्क बीपी और शुगर की जाँच की गई। शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उमेश गौरहा, मनीष कौशिक तथा सुरेंद्र पांडेय ने किया। शिविर में लगभग 470 मरीजों का परीक्षण कर औषध वितरण किया गया। शिविर में डॉ कोमल डॉटे, डॉ भजन सिंह, डॉ राजेश दुबे, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ भारती श्रीवास, डॉ कुमुदिनी पटेल, सालिक राम बिरको, भरत लाल कश्यप, सुनीत कलिश, आशा बाई यादव, हेलन, राजेश्वर कलिश और रामेश्वर बरगाह ने अपनी सेवाएं दी। शिविर प्रभारी डॉ अपर्णा मिश्रा थीं।

### सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एमपीएड प्रवेश लिस्ट को लेकर विसंगति



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शारीरिक शिक्षा विभाग अंतर्गत एमपीएड में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर ऊंगली उठने लगी है। एमपीएड में प्रवेश के लिए अब तक मेरिट आधार पर दो लिस्ट निकाली जा चुकी है और इस मेरिट लिस्ट में छात्रों द्वारा विसंगति का आरोप लगाया जा रहा है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शारीरिक शिक्षा विभाग अंतर्गत एमपीएड में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्रों में असंतोष है। छात्रों का आरोप है कि एमपीएड में पहली लिस्ट में कम अंकों वाले विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी गई है, जबकि दूसरी लिस्ट में अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र शामिल किए गए हैं। एमपीएड में प्रवेश के लिए जो लिस्ट निकाली गई है उसका विश्लेषण करने पर कटऑफ में विसंगति दिखाई दे रहा है। पहली लिस्ट में अनारक्षित वर्ग के 166 कटऑफ गए है, जबकि दूसरी लिस्ट में 181, 171, 172, 172,171 को स्थान मिला है। इसी प्रकार पहली लिस्ट में पिछड़ा वर्ग का कटऑफ 138 अंक, एससी वर्ग का 118 अंक और ईडब्ल्यूएस वर्ग का 155 अंक था। हांलाकि दूसरी लिस्ट में कटऑफ का स्तर अचानक ऊपर चढ़ गया। दूसरी लिस्ट में पिछड़ा वर्ग का कटऑफ बढ़कर 160 अंक, एससी वर्ग का 142 अंक और ईडब्ल्यूएस वर्ग का 143 अंक हो गया है। इस उलटफेर ने मेरिट क्रम पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है।

# हिड़मा को रोल मॉडल बताना शहीदों के बलिदान का अपमान

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल प्रबल ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा नक्सली हिड़मा को अपना रोल मॉडल बताए जाने संबंधी कथित बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल एक गैर-जिम्मेदाराना राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों, पीड़ित परिवारों और पूरे छत्तीसगढ़ की भावनाओं का घोर अपमान है। श्री जायसवाल ने कहा कि अटल श्रीवास्तव को तत्काल अपने कथित बयान पर स्पष्टीकरण देना चाहिए। यदि उन्होंने वास्तव में हिड़मा जैसे खूंखार नक्सली का महिमामंडन किया है, तो उन्हें प्रदेश की जनता, शहीद जवानों के परिजनों, नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों और जनजातीय समाज से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।



जिला प्रवक्ता प्रणव शर्मा समदरिया ने कहा कि जिस व्यक्ति का नाम निर्दोष नागरिकों की हत्या, सुरक्षा बलों पर कायराना हमलों और वर्षों तक छत्तीसगढ़ में भय का वातावरण बनाने से जुड़ा रहा हो, उसे रोल मॉडल बताना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकता। ऐसे बयान नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई को कमजोर करने वाले हैं और समाज में गलत संदेश देते हैं। जिला प्रवक्ता ने कांग्रेस नेतृत्व से भी पूछा कि क्या वह अटल श्रीवास्तव के कथित बयान से सहमत है। यदि नहीं, तो कांग्रेस को तत्काल अपना आधिकारिक रुख स्पष्ट करते हुए संबंधित बयान से स्वयं को अलग करना चाहिए तथा उचित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलवाद के विरुद्ध मजबूती से खड़ी है।

# भाजपा मेरे बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रही : अटल

**बिलासपुर।** भाजपा द्वारा आईएनएच हरिभूमि द्वारा गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में आयोजित जिला सवांद कार्यक्रम के एक अंश का वीडियो जारी कर मेरे बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अटल श्रीवास्तव ने कहा कि नक्सलवाद से प्रदेश का मुक्त होना पूरे प्रदेश के लिए सुखद समाचार है लेकिन नक्सलवाद समाप्ति के बाद जिस तरह से भाजपा श्रेय लेने का काम कर रही है यह राजनीतिकरण है। नक्सलवाद की समाप्ति में तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार के कार्यकाल में किए गए जन उपयोगी योजनाएं प्रमुख कारण है, वहीं बस्तर की जनता को इसका श्रेय जाता है जिसमें नक्सलवाद को छोड़कर लोकतंत्र का साथ दिया और नक्सलवाद से दूरी बना ली। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मैने जनसंवाद के दौरान प्रमुखता से बस्तर सरगुजा और जशपुर के जन-जंगल-जमीन को बचाने की बात कही वर्तमान सरकार अपने मित्र उद्योगपति को हसदेव का जंगल सौंप चुकी है और अब निगाह बस्तर पर है। आखिर बस्तर पर ही फोकस क्यों जन-जंगल-जमीन बचाने के लिए कांग्रेस पूरी लड़ाई लड़ रही है। भाजपा के प्रेस कांफ्रेस में दिए गए बयान से यह सिद्ध हो गया कि भाजपा बस्तर पर बयान देने या बस्तर की चिंता करने या बस्तर को बचाने की जो भी बात करेगा उसके खिलाफ षड़यंत्र रचा जाएगा। भाजपा में हिम्मत है पारदर्शिता है तो पूरे इंटरव्यू का वीडियो जनता को दिखाए। झीरम के शहिदो की चिंता करने वाले झीरम के शहिदों को श्रद्धांजली तक अर्पित नहीं करते।



# एसईसीएल के सुश्रुत' ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की

**बिलासपुर।** एसईसीएल की प्रमुख कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 'एसईसीएल के सुश्रुत' ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के साथ यह भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित होने वाली किसी भी कोल पीएसयू की पहली सीएसआर योजना बन गई है।

कोयला मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब एसईसीएल के सुश्रुत योजना के लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। यह व्यवस्था आधार (वित्तीय एवं अन्य सब्सिडी, लाभ एवं सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 तथा आधार प्रमाणीकरण (सुशासन, सामाजिक कल्याण, नवाचार एवं ज्ञान) नियम, 2020 के अंतर्गत लागू की गई है। इससे योजना के लाभों का पारदर्शी, लक्षित एवं प्रौद्योगिकी आधारित वितरण सुनिश्चित होगा। साथ ही जो लाभार्थी आधार प्रमाणीकरण का उपयोग नहीं करना चाहते, उनके लिए सरकार द्वारा अनुमोदित वैकल्पिक पहचान पत्रों के माध्यम से भी लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वर्ष 2023 में प्रारंभ की गई एसईसीएल के सुश्रुत एसईसीएल की प्रमुख सीएसआर पहल है, जिसके अंतर्गत कंपनी के परिचालन क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रदान की जाती है, ताकि वे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकें।



योजना ने आरंभ से ही उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। प्रथम बैच (2023-24) में 40 में से 39 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 11 विद्यार्थियों ने एमबीबीएस, 2-2 विद्यार्थियों ने बीडीएस, बीएएमएस एवं बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी तथा 2 विद्यार्थियों ने वेटरनरी पाठ्यक्रमों में सरकारी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया। द्वितीय बैच (2024-25) में भी 40 में से 31 विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की तथा एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस एवं बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में सरकारी संस्थानों में प्रवेश प्राप्त किया।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी, कांग्रेस का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** श्री राम मंदिर अयोध्या में चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष शहर सिद्धांशु मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण महेंद्र गंगोत्री के नेतृत्व में सोमवार को शाम 4 बजे कांग्रेसजन बड़ी संख्या में कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। कांग्रेस भवन से लेकर सभी कांग्रेसजनों ने हाथों में विरोध स्वरूप तख्तियां लेकर देवकीनंदन चौक तक पदयात्रा की।

जिला अध्यक्ष द्वय ने ये मांग रखी कि अभी तक प्राप्त चंदे का पूरा हिसाब ट्रस्ट और जांच एजेंसी को निष्पक्ष रूप से जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा की भाजपा जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ करना बंद करें और चढ़ावा चोरी, जमीन खरीदी बिक्री और अन्य वित्तीय अनियमितताओं कथित घोटाले की जांच पारदर्शी रूप में पूरे देश के सामने आना चाहिए। श्री राम मंदिर जैसे पवित्र स्थल पर चंदा चोरी की खबर ने जनता की आस्था पर गहरा प्रहार किया है और दोषियों पर जल्द से जल्द और सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आज के धरना प्रदर्शन में सिद्धांशु मिश्रा, महेंद्र गंगोत्री, विजय केशरवानी, विजय पांडे, राजेंद्र शुक्ला, राजेंद्र साहू, देवेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, शिवा मिश्रा, आशीष गोयल, रामा बघेल, लक्ष्मीनाथ साहू, तज्जमूल हक, संतोष गर्ग, साकेश मिश्रा, हितेश देवांगन, राकेश यादव, संदीप यादव, शिल्पी तिवारी, सीमा घृतेश, सीमा पांडे, स्वर्णा शुक्ला, गौरव ऐरी, अनस खोखर, रतीश श्रीवास्तव, शिव यादव, फरीद खान, महेश ठाकुर, राजू सूर्यवंशी, तस्लीम ख़ान, नरेंद्र टंडन, दीपक कौशिक, राकेश केसरी, नवीन दुबे, मीनू सूर्यवंशी, आदित्य सिंह, लखन नागदेव, मो अयूब, विनोद साहू, जावेद मेनन, सुबोध केसरी, मो शाहनवाज, आशीष कौशिक, ओम कश्यप, शंकर कश्यप, सुरेंद्र तिवारी, अंकित प्रजापति, शेरू असलम, पवन साहू, हैरी डेनियल, शिरीष कश्यप, मनोज सिंह, लक्की कश्यप, अजय काले, जहूर अली,प्रकाश निर्मलकर, सत्या सर्वे, सज्जू खान, वसीम बक्श, चंदन सिंह आदि मौजूद थे।



# सीवीआरयू के तीन एनसीसी कैडेट्स का थल सैनिक कैंप के लिए चयन

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 3 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित 10 दिवसीय थल सैनिक चयन शिविर एवं वार्षिक प्रशिक्षण शिविर विश्वविद्यालय और प्रतिभागी कैडेट्स के लिए उपलब्धियों से भरपूर रहा। शिविर के समापन पर विश्वविद्यालय के तीन प्रतिभाशाली एनसीसी कैडेट्स, देवक सिंह, आदित्य पटेल और शारदा ध्रुव का चयन दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए किया गया। शिविर में छत्तीसगढ़ के 14 विद्यालयों और 6 महाविद्यालयों से लगभग 700 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दस दिनों तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, शारीरिक दक्षता तथा अन्य सैन्य गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कैडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ड्रिल, वॉलीबॉल, खो-खो और रस्साकसी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं विश्वविद्यालय के 6 कैडेट्स ने विभिन्न व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट तैयारी का परिचय दिया। इन उपलब्धियों ने विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई को प्रदेश के अग्रणी संस्थानों में स्थापित किया है।



### विवि के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि : कुलपति

कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा दिल्ली थल सैनिक कैंप के लिए तीन कैडेट्स का चयन और विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतना विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के समर्पण का उत्कृष्ट परिणाम है।

### समर्पण से ही मिलेगी सफलता : कुलसचिव

कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा जनवरी से लेकर अब तक छह विद्यार्थियों का चयन भारतीय सेना में हुआ है। इसी तरह दो विद्यार्थी अभी सीआरपीएफ में ट्रेनिंग ले रहे हैं। बीते साल एक छात्रा का चयन स्थल सैनिक कैंप में हुआ था। विश्वविद्यालय ने भारतीय वायु सेवा से महत्वपूर्ण एमओयु हस्ताक्षर किए हैं। इसका लाभ यहां के विद्यार्थियों को मिलेगा। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ने कहा कैडेट्स ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया।

### परसदा क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने की मांग

**बिलासपुर।** बिल्हा विमलाल कौशिक ने जोन के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर परसदा रेलवे क्रासिंग के पास एक अंडरब्रिज निर्माण कराने मांग की है। पत्र में विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र के दाधापारा रेलवे स्टेशन के पास ग्राम परसदा को नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्रमांक 9 में शामिल किया गया है। यहां पूर्व में रेलवे क्रासिंग स्थापित था, जिसे तत्कालिक रेल प्रशासन ने मानव रहित फाटक मानकर बंद कर दिया गया है। यहां से प्रतिदिन श्मशान घाट, हाईस्कूल, आवास मोहल्ले के निवासी, कृषि कार्य से संबंधित कार्य, वन्यप्राणी की गौचर भूमि व गौठान जैसे सभी कार्य के लिए निस्तारी का महत्वपूर्ण रास्ता है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार बबलू यादव, पिता श्री कालू राम यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी-राजकिशोर नगर, बिलासपुर, तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामी विकास सैनी पिता श्री शिव कुमार सैनी, उम्र 47 वर्ष, निवासी-वार्ड नं.-03, सांई नगर, आनंद नगर, अमेरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा मंगला, प.ह.नं.-35, रा.नि.मं., तह.व जिला-बिलासपुर छ.ग. में स्थित शीट नं.-06, भूखण्ड क्र. 4/2, ख.नं. 71/37 कुल रकबा 1000 वर्गफुट भूमि जो राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है, उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया जाकर इकरारनामा दिनांक 10.07.2026 को निष्पादित किया गया है, जिसका विक्रय पंजीयन यथाशीघ्र किया जाना है।

अतः उक्त भूमि की रजिस्ट्री से यदि किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, अर्धशासकीय, निगम, निकाय को कोई आपत्ति हों तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक-13/07/2026

**भवदीय**
**पी.के.दास (अधिवक्ता)**
**निवास कार्यालय:**
**एलआईजी 52 तुलसी आवास**
**राजकिशोर नगर, बिलासपुर**
**मोबाईल नं. 98265-30190, 78282-57355**

**//आम सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार घनश्याम प्रसाद दुबे, उम्र 67 वर्ष, पिता स्व.झाडूराम दुबे, निवासी सुकुलपारा खरौद, थाना शिवरीनारायण, तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने अविनाश चन्द्र साहू, उम्र 38 वर्ष, पिता श्री बलिराम साहू, निवासी- श्रीविहार कालोनी, नया सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नंबर 2112/9 रकबा 0.0200 हेक्टेयर जिस पर 4 बी.एच.के. मकान निर्मित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना राशि प्रदान कर दिया है, जिसका पंजीयन बैनामा निकट भविष्य में होना तय है। उक्त मकान / सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्तियों, शासकीय-अर्द्धशासकीय संस्थायें, बैंकों को किसी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मय दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकते है, अन्यथा बाद की आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

सो सूचना जाने!
दिनांक-13/07/2026
स्थान - बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**(महेश अहिरवार)**
**(अधिवक्ता)**
**कार्यालय :-सामुदायिक भवन क्रं. 01**
**जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-7987861140**

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क / तह. / वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 10/7/2006

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता कोनी मन 2 ग्राम प.ह.नं. 23 तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दीपिका रानी धीरेन पिता पुनीराम धीरेन जाति सतनामी पेशा नौकरी निवासी ग्राम गोढ़ी तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोनी म.नं. 2 शीट नं. 10 भूखण्ड क्र. 07 में से खसरा नं. 191/4 में से रकबा 2198 वर्गफुट भूमि, को आवेदक द्वारा अनावेदक/विक्रेता श्री करन कुमार (करन कुमार सोनवानी) पिता सुरीतराम जाति सतनामी तरफ से मुख्तियार आम लक्ष्मेन्द्र कुमार सोनवानी पिता लक्ष्मण प्रसाद सोनवानी निवासी छोटी कोनी, वार्ड क्र. 10 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से दिनांक 12.12.2024 को पंजीकृत विक्रय विलेख से क्रय करने के बाद नामांतरण कराने छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र, शपथपत्र, बी-1, खसरा, नक्शा की छायाप्रति सहित तलवाना पेश किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 27/7/2026 समय 11.00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

यह कि मेरे पक्षकार मंजूलता कश्यप पिता श्यामलाल कश्यप एवं उनकी माता एवं बहन भाई का पैतृक भूमि मौजा ग्राम मंगला प.ह.नं.-35 रा.नि.मं. तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 28 रकबा 0.2580 हे. खसरा नंबर 327 रकबा 0.3560 हे. एवं शामिल खसरा नंबर 29 कुल रकबा 0.6140 हे. स्थित है उपरोक्त भूमि के अन्य हिस्सेदारगण से विवाद होने के कारण उपरोक्त संबंध में माननीय तृतीय अतिरिक्त प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के व्यवहार वाद ए 301/2024 पक्षकार मंजूलता कश्यप वगैरह विरूद्ध मिश्रीलाल कश्यप वगैरह पेशी दिनांक 12/08/2026 स्थगन आवेदन पर सुनवाई हेतु लंबित है मेरे पक्षकार वादीगण को ज्ञात हुआ है कि प्रतिवादी क्रमांक 01 व 3 के द्वारा राजस्व अभिलेखो मे नाम दर्ज होने का बेजा फायदा उठाते हुये न्यायालय मे लंबित प्रकरण के दौरान उपरोक्त भूमि को अन्य व्यक्तियो को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है यदि उपरोक्त वाद भूमि के संबंध मे किसी भी व्यक्ति के द्वारा कय विक्रय हेतु संव्यवहार किया जाता है तो उसके होने वाले नुकसानी के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा केता पक्ष के विरूद्ध भी न्यायालयीन प्रकरण प्रस्तुत किया जायेगा जिसमे होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं नुकसानी के लिये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सो सूचना जानें।
दिनांक- 13/07/2026

**भवदीय**
**दीपक मिश्रा अधिवक्ता**
**पता-श्रीराम चेम्बर्स**
**जिला न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9827168904**

# शासकीय भूमि पर किया जा रहा था पशुपालन, हटाया



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर के तुलसी आवास ब्लॉक 5 में रामकुमार साहू द्वारा शासकीय भूमि में अवैध रूप से कब्जा कर पशुपालन किया जा रहा था। जिसे नगर निगम के अतिक्रमण की टीम ने कार्रवाई करते हुए हटाया।

सरकारी भूमि में कब्जा कर पशुपालन करने की शिकायत तुलसी आवास के रहवासियों ने निगम कमिश्नर से की थी। जिसके बाद निगम कमिश्नर श्री सर्वे के निर्देश पर कार्रवाई की गई। तुलसी आवास के रहवासियों ने शिकायत कर बताया था कि रामकुमार साहू द्वारा बच्चों के खेलने के मैदान पर 10-15 पशुओं को अवैध रूप से रखा गया है,जिससे मैदान समेत पूरे मोहल्ले में गंदगी पसरी रहती है। हमेशा कीचड़ रहता है,इसके अलावा कंडम हो चुके वाहन भी रामकुमार साहू द्वारा मैदान में रखा गया है,आपत्ति जताने पर आरोपी और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा गाली-गलौज किया जाता है। शिकायत सही पाए जाने पर निगम ने आज कार्रवाई करते हुए तीन पशुओं को जब्त भी किया है।

# सरसेनी प्राथमिक शाला को मिलेगा नया भवन

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी तखतपुर द्वारा प्राथमिक शाला सरसेनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालय का मूल भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है और उपयोग के लिए सुरक्षित नहीं है।

भवन की खराब स्थिति के कारण अतिरिक्त कक्ष में कई कक्षाओं का संचालन एक साथ किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में एक ही कमरे में कई कक्षाओं के संचालन संबंधी जानकारी के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देश पर बीईओ श्री दीपक गुप्ता ने सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्पष्ट हुआ कि विद्यालय परिसर अहातायुक्त है तथा कुल 41 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। वर्तमान में बालवाड़ी एवं कक्षा पहली के बच्चों को आंगनबाड़ी भवन में तथा अन्य कक्षाओं को अतिरिक्त कक्ष में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है।

जिला प्रशासन की पहल पर जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से विद्यालय भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने नए भवन निर्माण को मंजूरी देते हुए निर्माण एजेंसी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। नए भवन के निर्माण से सरसेनी के बच्चों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा तथा एक साथ कई कक्षाओं के संचालन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।



## खबर संक्षेप

### गहोई वैश्य समाज के अनिल व श्याम उपाध्यक्ष

**बिलासपुर।** रविवार को गहोई वैश्य समाज बिलासपुर की कार्यकारिणी की बैठक शांति नगर स्थित राष्ट्रकवि डॉक्टर मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बिलैया ने की। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। समाज को आवंटित शासकीय भूमि पर भवन निर्माण से संबंधित निविदा पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि एन के मातेले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारिणी के लिए अग्रेषित किया जाए, तथा छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए डॉक्टर आर के गंधी जी एवं संगठन मंत्री के लिए राम सेठ का नाम गहोई समाज की तरफ से प्रस्तावित किया जाए। गहोई वैश्य समाज बिलासपुर की कार्यकारिणी में अनिल बरसैंया एवं श्याम सेठ को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। अंकित सेठ को समाज को ऑडिटर तथा प्रतीक नीखरा को नवयुवक मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### भाजपा मंडल की बैठक में कार्यवृत्त पर हुई चर्चा

**बिलासपुर।** भाजपा मंडल देवरीखुर्द की कामकाजी बैठक महमंद में आहूत की गई। जिसमें भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने आगामी कार्यवृत्त को बताते हुए बीते कामकाजों की समीक्षा की। जिसमें डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म मंडल के मोर्चा और शक्ति केन्द्रो के गठन सहित बुथों के गठन को सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनने मंडल में प्रभारी एवं समस्त बुथों में प्रभारी की नियुक्ति एवं मंडल के मासिक बैठक को नियमित रूप से जिला को सूचित कर करने की बात पर जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष रवि बरगाह ने बूथ से लेकर के शक्ति केंद्र के गठन में सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए सदस्यों के चयन और संगठन को मजबूत करने की बात पर बल दिया एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति में आयोजित भाजपा बिलासपुर ग्रामीण के 19 जुलाई को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने की बात कही। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश सूर्या, शंभुदास मानिकपुरी, निर्मला पाल, भारती बर्मन, प्रतिमा साहू, विवेक पांडे, तरुण ललपूरे, सुनील जैन, नरेंद्र मौर्य, अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

# लायंस क्लब हेल्थकेयर संकल्प और वरदान का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



लायंस क्लब बिलासपुर हेल्थकेयर–संकल्प एवं वरदान क्लब का संयुक्त शपथ साधना समारोह में का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल रहे। गेस्ट ऑफ़ ऑनर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी, विशिष्ट अतिथि वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ अनिल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी रश्मित कौर चावला, विशिष्ट अतिथि शुभा गरेवाल सीएचएमओ, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर दिलीप भंडारी, रीजन एडवाइजर एमजेएफ नितिन सलूजा, जोन चेयरपर्सन रश्मिलता मिश्रा एवं शशि देवांगन की उपस्थिति में रीजन चेयरपर्सन एवं शपथ अधिकारी अर्चना तिवारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण खंडूजा एवं डॉ. अनुश्री पडेगावकर, सचिव सीए शेखर रेड्डी एवं स्वाति सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर परमजीत सिंह ऊबेजा वंशिका वर्मा , उनकी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों कार्यकारिणी को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# महापौर विधानी ने किया जोहार जगन्नाथ कार्यक्रम का शुभारंभ

**बिलासपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के शुभ अवसर पर सीएमडी चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में आयोजित जोहार जगन्नाथ कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर पूजा विधानी ने भगवान श्री जगन्नाथ के मनोकामना रथ को हरी झंडी दिखाकर किया।




इस अवसर पर महापौर श्रीमती विधानी ने भगवान श्री जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि जोहार जगन्नाथ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति, आस्था और सेवा का एक पावन अभियान है। मनोकामना रथ के माध्यम से श्रद्धालुओं की भावनाएँ एवं प्रार्थनाएँ भगवान श्री जगन्नाथ के श्रीचरणों तक पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु सीएमडी चौक स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स में विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएँ लिखकर मनोकामना पेटी में समर्पित कर सकते हैं।

इन सभी मनोकामनाओं को श्री जगन्नाथ पुरी धाम में प्रभु के श्रीचरणों में अर्पित किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए पुरी धाम से लाया गया पावन महाप्रसाद भी उपलब्ध रहेगा, जिसे सभी भक्त श्रद्धापूर्वक ग्रहण कर सकेंगे। महापौर श्रीमती विधानी ने सभी के लिए मंगलकामना करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं सामाजिक एकता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स की ओर से मुकेश बांठिया एवं मार्केटिंग हेड राहुल जनबंधू सहित ए.टी. परिवार के सदस्य, संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

### पेंशनरों को मिलेगा न्याय मुख्य सचिव से हुई चर्चा

**बिलासपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश संगठन मंत्री टी.पी. सिंह तथा बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र कश्यप संयुक्त रूप से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के संगठनात्मक प्रवास पर रहे। इस दौरान गौरेला स्थित मिश्री देवी शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में जिला स्तरीय पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की गतिविधियों एवं संगठन द्वारा पेंशनरों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने 10 जुलाई को मंत्रालय में मुख्य सचिव विकासशील के साथ हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए बताया कि महासंघ ने पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन प्रस्तुत किए हैं। प्रदेश संगठन मंत्री टी.पी. सिंह ने कहा कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसने राज्य के सभी जिलों में सफलतापूर्वक अपना विस्तार किया है और पेंशनरों के हितों की आवाज बुलंद करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बिलासपुर संभागीय अध्यक्ष राजेन्द्र कश्यप ने कहा कि जिले के सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संपर्क स्थापित कर आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया।

## एजुकेशन प्लस

# स्वामी विवेकानंद विवि की मेरिट सूची में चौकसे कॉलेज के छात्रों ने मारी बाजी










**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई ने बी.टेक. अप्रैल–मई 2025 एवं अप्रैल–मई 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित किए है। जिसमें अप्रैल–मई 2025 के परीक्षा परिणाम में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के मैकेनीकल विभाग के हरीष कुमार चुंद्रा ने 84.12 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय के मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही रितिक राहुल ने 79. 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं लाभांश वर्काडे ने 76.7 प्रतिशत अंकों के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया हैं वहीं इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के जीतेंन्द्र कुमार डहरिया ने 78. 7 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व सीएसई विभाग के देबाशीष राहा ने 85. 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। अप्रैल–मई 2026 के परीक्षा परिणाम में सीएसई विभाग के के.स्वेताराव ने 84. 51 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान व प्रिंस ठाकुर ने 83. 41 प्रतिशत अंकों के साथ 7वां स्थान प्राप्त किया है। इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग के प्रभा निषाद ने 76.58 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन जैन, चौकसे ग्रुप के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# एलसीआईटी स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने की टॉप-10 मेरिट में बनाई जगह





**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा घोषित बी.फार्मेसी सत्र 2025–26 परीक्षा परिणाम में एलसीआईटी स्कूल ऑफ फार्मेसी बिलासपुर के तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर शीर्ष 10 टाप में जगह बनाई।

विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले मेधावी छात्रों में आदित्य तिवारी ने 82.50 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान, आयुषी गुप्ता ने 81.88 प्रतिशत अंकों के साथ छठवां स्थान तथा सृष्टि माणिकपुरी ने 81.22 प्रतिशत अंकों के साथ नवम स्थानप्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रितेश जैन और महाविद्यालय के उप प्राचार्या डॉ. शुभी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में फार्मेसी एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। छात्रों की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एलसीआईटी ग्रुप के चेयरमैन प्रमोद जैन, वाइस चेयरमैन अंकित जैन एवं सचिव उपकार रायने सफल विद्यार्थियों को के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 14 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



पहल

## वसुंधरा संस्था ने किया कन्या के विवाह में सहयोग



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने एक निर्धन कन्या की विवाह के लिए आर्थिक एवं आवश्यक घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई। क्लब के इस सहयोग से जरूरतमंद परिवार की बेटी का विवाह संपन्न कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। जानकारी के अनुसार कन्या की मां राधिका एवं उसका परिवार गोंड़पारा स्थित रामचंद्र वार्ड में निवास करता है। राधिका घर-घर जाकर काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। बेटी के विवाह की जानकारी मिलने पर वसुंधरा क्लब बिलासपुर की रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी ने अपने क्लब एवं एक अन्य सामाजिक संगठन की प्रमुख मीनू दुबे के सहयोग से कन्या के विवाह में सहयोग करने का निर्णय लेकर विवाह की आवश्यक सामग्री एकत्रित की। इस कार्य में रीजन चेयरपर्सन अर्चना तिवारी, जोन चेयरपर्सन रश्मि लता मिश्रा, अध्यक्ष संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप, मंजू तिवारी, शोभा त्रिपाठी, हंसा सेलारका, सावित्री जायसवाल, सलमा बेगम, मंगला कदम, उषा मुदलियार, सुधा परिहार, मंजुला शिंदे, विनीता मिश्रा, अणिमा मिश्रा, किरण बाजपेई का सहयोग रहा। लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा एवं ब्राह्मण समाज द्वारा कन्या को 18 साड़ियां, एक लहंगा, चुन्नी, दो सूट, चांदी की बिछिया, लड़के के सूट का कपड़ा, 15 सुहाग पिटारा, फैंसी चूड़ी बॉक्स, दो पर्स, एक ट्रॉली बैग, डिनर सेट, 50 किचन के उपयोगी बर्तन, डबल बेड शीट, 50 किलो चावल, 25 किलो आटा, एक सीलिंग फैन के अलावा 5100 नगद राशि कन्या के माता-पिता को दी गई।

धर्म-क्षेत्र

## नव दंपतियों ने लिया जीवन के दस स्वर्णिम सूत्रों के पालन का संकल्प



**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ में युवा प्रकोष्ठ द्वारा नव दंपति-देव दंपति शिविर आयोजित किया गया। इसमें 70 नव दंपतियों ने दांपत्य जीवन के दस स्वर्णिम सूत्रों के पालन का संकल्प लिया। इस दौरान सभी ने अनुभव किया कि परिवार को स्वर्ग बनाने, सुखी व सफल दाम्पत्य जीवन के लिए श्रेष्ठ दंपती ही श्रेष्ठ परिवार को गढ़ कर सभ्य समाज की स्थापना कर सकता है। शांतिकुंज हरिद्वार की टोली से प्रशिक्षित बहन गायत्री सोनी, दुर्गेश नंदिनी गुप्ता एवं पूर्णिमा श्रीवास ने दांपत्य जीवन के 10 अमूल्य संकल्पों पर मार्गदर्शन दिया और बताया कि पति-पत्नी का संबंध अत्यंत नाजुक होता है और वह भावनाओं पर आधारित होता है, इसलिए भावनाओं का सदैव सम्मान होना चाहिए। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ प्रमुख ओमप्रकाश राठौर एवं बिलासपुर उपजोन समन्वयक प्रमुख धनसाय बैगा, गायत्री परिवार ट्रस्ट कार्यकारिणी की समन्वयक आशा सुल्तानिया, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सविता तिवारी ने दंपतियों को सुखी परिवार निर्माण के लिए प्रेरित किया। युवा प्रकोष्ठ प्रमुख ओमप्रकाश राठौर ने कहा कि यह हृदयंगम करना आवश्यक है कि विचारधाराओं में अंतर स्वाभाविक है, किंतु जीवन साथी परस्पर श्रेष्ठ दंपती बनने के लिए विश्वास कभी न तोड़े। यह जानकारी द्वारिका पटेल ने दी। वक्ताओं ने कहा कि गृहस्थ जीवन एक तपोवन है, जिसमें संयम, सेवा और सहनशीलता की साधना आवश्यक है।

स्पोर्ट्स

## छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने सिलाट मार्शल आर्ट में जीते 3 स्वर्ण पदक



**बिलासपुर।** 14वी पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 से 8 जुलाई तक नॉर्थ ईस्ट हिल यूनिवर्सिटी शिल्लोंग मेघालय में आयोजित कि गई उक्त प्रतियोगिता में देश के 32 राज्यों के 1400 से अधिक महिला- पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य से 12 महिला 12 पुरुष 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए 110 किलो अधिक भार वर्ग में बस्तर की ममता पांडे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मास्टर महिला कैटिगरी 65 से 70 किलो भार वर्ग में कांकेर की पुलिस उप-अधीक्षक कविता धुर्वे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मार्शल आर्ट प्रशिक्षक शेख समीर ने 80 से 85 किलो वजन वर्क मास्टर कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल करने में सफल हुए, तीन स्वर्ण पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ टीम बहुत उत्साहित है। पहली बार छत्तीसगढ़ को सीनियर प्रतियोगिता में एक से अधिक पदक प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुरुष टीम के कोच अमन साहू एवं महिला टीम की कोच सविहा शेख थी। जिनके के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया एवं राष्ट्रीय निर्णायक नरेंद्र पांडे ने भी प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना योगदान दिया। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट एसोसिएशन के चेयरमेन ठा रविंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष शमनीष बाग, महासचिव शेख समीर ने इस उपलब्धि के बधाई दी।

# जगन्नाथ मंदिर का पट आज खुलेगा, नवयौवन रूप में होगा दर्शन

रेलवे परिक्षेत्र स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का पट मंगलवार 14 जुलाई को खुलेगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भक्तों को दिव्य नवयौवन स्वरूप में दर्शन देंगे। मंदिर के शिखर पर परंपरागत ध्वज परिवर्तन भी किया जाएगा। जिसे भगवान के पूर्णतः स्वस्थ होने और पुनः भक्तों के बीच आने का शुभ संदेश माना जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ होकर 15 दिनों तक एकांतवास में रहते हैं। इस दौरान उनकी औषधीय सेवा और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहता है। इस बीच मंदिर के पुजारियों द्वारा निरंतर काढ़ा देने से महाप्रभु की तबियत में सुधार होते जाता है। उनके स्वस्थ होते ही मंदिर का पट खुल जाता है।

उत्कल समाज के अध्यक्ष के.के. बेहरा ने बताया कि इस वर्ष तिथियों के परिवर्तन के कारण मंगलवार 14 जुलाई को नेत्र उत्सव मनाया जाएगा एवं महाप्रभु का नवयौवन रूप में दर्शन होंगे। गुरुवार 16 जुलाई को भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।

### 16 को निकलेगी भव्य रथयात्रा





मंदिर का पट खोलने के दो दिन बाद 16 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। नगर भ्रमण के बाद भगवान मौसी मां के घर पहुंचेंगे। रथयात्रा में रथ का रस्सा खींचने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। सभी धार्मिक अनुष्ठान परंपरागत विधि-विधान के अनुसार संपन्न कराए जाएंगे।

### ये है नवयौवन दर्शन

स्नान पूर्णिमा के बाद जब भगवान पूर्णतः स्वस्थ होकर नए श्रृंगार में पहली बार भक्तों को दर्शन देते हैं, उसे नवयौवन दर्शन या नेत्र उत्सव कहा जाता है। यह भगवान के नवयौवन और दिव्य आभा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। नेत्र उत्सव के दिन मंदिर के शिखर पर नया ध्वज चढ़ाया जाएगा। यह परंपरा भगवान के स्वस्थ होने एवं नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालुओं के लिए ध्वज परिवर्तन का दर्शन भी अत्यंत शुभ माना जाता है।





### पूजा, श्रृंगार बाद आज बदले जाएंगे ध्वज

मंगलवार 14 जुलाई को सुबह से महाप्रभु की विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार किया जाएगा। ध्वज परिवर्तन की परंपरा संपन्न होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। नवयौवन दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्था पुख्ता किया गया है।

### इस्कान की जगन्नाथ रथयात्रा 19 को



इस्कॉन बिलासपुर प्रचार केंद्र द्वारा श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 2026 का आयोजन 19 जुलाई रविवार को किया जाएगा जो कि दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। रथयात्रा बृहस्पति बाजार से शुरू होकर सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा रोड, पुराना बस स्टैंड चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक होते हुए पुनः बृहस्पति बाजार पहुंचेगी। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य झांकी आकर्षण की केंद्र रहेगी। इस्कॉन बिलासपुर ने शहरवासियों से रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# डीपीएस के नन्हे बच्चों ने किया रचनात्मकता कला का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल में सह पाठ्यचर्या संबंधित गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा पहली के छात्र-छात्राओं के लिए रचनात्मक और कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक विभाग के अलग-अलग सदनों के छात्रों ने भाग लिया।



बच्चों ने प्रतियोगिता में अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। इसका उद्देश्य छात्रों में पुस्तक के प्रति रूचि बढ़ाना और उनकी कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति का प्रयोग करते हुए अनेक सजावटी सामग्रियों से बुकमार्क तैयार किया। सभी छात्रों में काफी उत्साह और ऊर्जा दिखाई दी। निर्णायक के रूप में पूर्णिमा भट्टाचार्य एवं के राधिका ने भूमिका निभाई।

संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ तथा प्रशासनिक अधिकारी आर सी मोहंती ने सभी प्रतिभाशाली प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता की संयोजिका मनीषा फ्रांसिस रही तथा सभी शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# छंदशाला ने की पावस गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छंदशाला के तत्वावधान मे पावस गोष्ठी का आयोजन छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बुधराम यादव, विशिष्ट अतिथि सेवक एस कपूर और कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मंतराम यादव ने की।

### गीत संध्या में डूबे श्रोता



कार्यक्रम में छंदशाला परिवार के सदस्य और स्थानीय रचनाकार समेत तीस से भी अधिक श्रोतागण उपस्थित रहे। इस काव्य गोष्ठी की खास बात यह रही कि गोष्ठी पूर्णतः पावस पर आधारित थी। जिसमें पावस के दोनों पक्षों अर्थात आशा और निराशा या कहें पावस के साथ मनुष्य की सुख और दुख की अनुभूति और प्रकृति के सान्निध्य की ओर सभी कवियों और कवियत्रियों ने ध्यान आकृष्ट कराया। जिसमें 22 कवियों एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया,कवि ध्रुव देवांगन के छत्तीसगढ़ी पचरा गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई बरसत हे बरसात, रिमझिम रिमझिम हा जब पानी बरसय असाढे महिना,डॉ सुनीता मिश्रा ने घनाक्षरी छंद में मेघ है, मृदंग बना,प्रेम रसधार घना,थप थप थापों पर थिरकन ला रहे। सुषमा पाठक ने नहीं काटो कभी कानन, यही सांसे यही जीवन करें सब वृक्ष की सेवा,सदा महके सभी उपवन, शैलेंद्र गुप्ता ने रिमझिम-रिमझिम पानी बरसे,झूम रही हर डाली है। मनीषा भट्ट ने दिन पावस के सुहाने आए साथ खुशियों के खजाने लाए, रेणु बाजपेई ने नील नभ पर अल्पना सा रच दिया,है असंख्य चित्र श्वेत श्यामल मेघ ने, कवि अशोक शर्मा अद्वितीय ने कुछ दिनो में रंगत बदल गई,निर्जल सी धरती बंजर हुई , फिर अंत में सम्मानित मंच की बारी आई जिसमें वरिष्ठ गीतकार बुधराम यादव ने अपनी 55 बरस पुरानी रचना का पाठ किया,सेवक एस कपूर ने श्रीराम के उपर सजल और अध्यक्षता कर रहे मंत राम यादव ने छंदशाला के सतत अभ्यास, छंदबद्ध रचना सृजन और काव्य गोष्ठी के निरंतरता की जमकर तारीफ की और जीवन में पावस के महत्व पर प्रकाश डाला। छंदशाला के काव्यानुशासित वातावरण मे यह काव्य गोष्ठी अमिट छाप छोड़ गई। कार्यक्रम का संचालन अनमोल सिन्हा ने और आभार कामना पांडेय ने किया।

## वन्दे मातरम मित्र मंडल ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प



बिलासपुर। वन्दे मातरम मित्र मण्डल की 257वीं साप्ताहिक बैठक शांति नगर स्थित 'चंदा गोविन्द पैलेस' में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस विशेष आयोजन में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा कि हिंदू केवल दिखावे से नहीं, बल्कि हिंदुत्व को मन, कर्म और वचन से धारण करने से होता है। उन्होंने दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि हमें हिंदुत्व की विचारधारा को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाना होगा। वन्दे मातरम मित्र मण्डल के प्रांताध्यक्ष महेंद्र जैन ने संगठन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2021 की परिस्थितियों ने समाज को जगाया है। उन्होंने कहा कि केसरिया धारी मित्र लव जिहाद, थूक जिहाद, लैंड जिहाद और धर्मांतरण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने घोषणा की कि बिलासपुर में चल रही 6 शाखाओं के अतिरिक्त, आज शांति नगर में *सातवीं साप्ताहिक शाखा का विधिवत शुभारंभ किया जा रहा है। प्रफुल्ल मिश्रा सातवीं शाखा का संचालन करेंगे,केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने संगठन की कार्यशैली की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम मित्र मण्डल की यह सकारात्मक ऊर्जा पूरे छत्तीसगढ़ में फैल रही है।

## विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 का विस्तृत एवं सूक्ष्म निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया।

उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक विकास पर विशेष जोर देते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने खेल, शिक्षा एवं विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होने विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने और उन्हें भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व महापुरुषों की कहानियों से जोड़ने के उद्देश्य से महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश द्वारा विद्यालय के पुस्तकालय को 'अमर चित्र कथा' की पुस्तकें भेंट की गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी दर्शनीता अहलूवालिया, प्रधान मुख्य अभियंता ए. के. पाण्डेय, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता आर के चौधरी, अपर मंडल रेल प्रबंधक जे सी. मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्नर न्यूज



# आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 से, होगी देवी की आराधना

शक्ति उपासना का पर्व आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 15 से 22 जुलाई तक श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। इस दौरान माता बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, महाआरती और दस महाविद्याओं का अर्चन किया जाएगा। इसी पावन उपलक्ष्य में श्री पीतांबरा पीठ सरकंडा में 134 दिवसीय श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ का शंखनाद किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ पीठ में पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ शुरू

पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के अनुसार आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि लोक-कल्याण, आंतरिक शुद्धि और शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने का सबसे बड़ा महापर्व है। 'गुप्त' शब्द का सीधा अर्थ गोपनीयता से है। तंत्र शास्त्र का नियम गोप्यते इति गुप्तम् है अर्थात जो साधना जितनी गुप्त रखी जाती है, वह उतनी ही तीव्र गति से फल देती है। प्रकट नवरात्रि गृहस्थों के लिए सुख-समृद्धि की होती है, जबकि गुप्त नवरात्रि साधकों द्वारा अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा, कुंडलिनी शक्ति और दसों दिशाओं को सुरक्षित करने के लिए की जाती है। उन्होंने ऋषि श्रृंगी की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि इस नवरात्रि में नौ देवियों के साथ ही ब्रह्मांड की दसों दिशाओं से दैवीय ऊर्जा को सोखने वाली दस महाविद्याओं की गुप्त साधना की जाती है।

### दी जाएगी आहूतियां

महायज्ञ के दौरान माता बगलामुखी देवी के महामंत्रों द्वारा पूरे विधि-विधान से यज्ञ कुंड में 36 लाख दिव्य आहुतियां दी जाएगी। 23 नवंबर को महायज्ञ की पूर्णाहुति पर पीठ के प्रांगण में 1100 कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया जाएगा।

### सकारात्मक उर्जा से रहेगा सराबोर

आषाढ़ का महीना ग्रीष्म ऋतु के अंत और वर्षा ऋतु के प्रारंभ का 'संधिकाल' होता है। इस समय हवा में बैक्टीरिया और बीमारियां बढ़ती हैं। जिससे बचाव के लिए नौ दिनों का उपवास और सात्विक आहार शरीर को शुद्ध करता है। मंदिर में होने वाले अखंड हवन के धुएं और विशेष मंत्रों के कंपन से पूरा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो जाता है। वहीं श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में 134 दिवसीय महाआयोजन पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज के सानिध्य में होने जा रहा है। इसका समापन कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 23 नवंबर को होगा।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचते युवक पकड़ा गया

**रतनपुर।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाते हुए ग्राम लखराम स्थित शराब भट्ठी के पास एक चखना दुकान में छापेमारी कर अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत लगभग 3200 रुपए बताई गई है, बरामद कर जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लखराम शराब भट्ठी के पास स्थित चखना दुकान का संचालक सुखदेव मराठा (32 वर्ष) निवासी मोतीपुर, भेड़ीमुड़ा, रतनपुर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## निधन

### समता साहू



**बिलासपुर।** चिंगराजपारा दुर्गा मंदिर के पास रहने वाली समता साहू का 13 जुलाई सोमवार को निधन हो गया। वे 43 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार चिंगराजपारा मुक्तिधाम में किया गया। वे लक्ष्मण प्रसाद साहू की पुत्री, सत्येन्द्र, सीमा, सुरभि एवं सौरभ साहू की बहन अंशी की मां थीं।

### ऋषभ देव सिंह



**बिलासपुर।** बंगाली पारा गली नंबर-4, सरकंडा निवासी ऋषभ देव सिंह का 13 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जुलाई सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ओमप्रकाश सिंह के पुत्र, ऋषिका सिंह के भाई व बजरंग सिंह राही के भांजे थे।

### पं. सुनील पस्तोर



**बिलासपुर।** पूर्व प्राचार्य पं. सुनील पस्तोर का 13 जुलाई को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे शिशिर पस्तोर के पिता एवं पं. मुरारी लाल पस्तोर के छोटे भाई थे।

## लगातार बिना सूचना बिजली कटौती से परेशान हैं ग्रामीण

# नगरवासियों ने किया बिजली दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



बिजली दफ्तर का घेराव करते नगरवासी।

मल्हार सहित आसपास के 20 से ज्यादा गावों के लोग पिछले 15 दिनों से खराब ट्रांसफार्मर केबल और अघोषित बिजली कटौती से खासे परेशान होकर नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे के नेतृत्व में सोमवार को पार्षदों व जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ो लोगों ने बिजली कार्यालय घेरकर जमकर नारेबाजी करते हुए , विभागीय अधिकारियों के रवैये पर खासी नाराजगी जाहिर की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है, कभी 11 केवी में फाल्ट तो कभी एलटी लाइन व केबल जलने तो कभी विद्युत वितरण केंद्र में तकनीकी खराबी से पूरा क्षेत्र अंधकारमय हो जाता है, साथ ही लोगों को पीने के पानी तक के लिए तरसना पड़ गया। लोगों का कहना था कि मल्हार में विद्युत के बड़े 132 केवी के स्टेशन स्थापित होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों को नियमित रूप से बिजली नही मिल रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी बिजली व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों में संजीदगी नहीं दिखी इसलिए लोगों का आक्रोश फूटा है। अब एक हफ्ते में बिजली व्यवस्था नही सुधरी तो मजबूरन बड़ा आंदोलन व चक्काजाम भी करने मजबूर होंगे। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बरसात पूर्व मेंटनेशन करने के बावजूद भी समस्याएं बरकरार रहती है। घण्टो बिजली बंद होने से पानी भी नसीब नही हो रहा है । बिजली आफिस घेराव के दौरान किसी बड़े अधिकारी के उपस्थित नहीं होने के कारण उपाध्यक्ष सहित पार्षदों ने कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द तकनीकी सुधार करने की मांग की जिसमें केबल तारों को बदलने और सब स्टेशन में क्षमता वृद्धि की मांग की गई है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से सात बिंदुओं पर एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने की मांग की गई। नगरवासियों ने कहा अगर निर्धारित समय पर समस्या का समाधान नही होता है तो नगरवासी चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर पार्षद कमलेश सिंह, पीयूष पाटले, रमेश यादव, रामफल कांत, मनराखन कैवर्त, जगदीश राय, सुजीत राजभानु, रंजन साहू, गणेश तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत ने हत्या और जानलेवा हमले के एक बेहद गंभीर मामले में त्वरित व ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायालय ने जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले मुख्य अभियुक्त हीरालाल निषाद और उसके बेटे देवचरण उर्फ सूरज निषाद को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की कठोर सजा सुनाई है। इसके साथ ही अपराध में शामिल सह-आरोपी महिला गंगोत्री बाई को भी विभिन्न धाराओं के तहत सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है।

थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम लिम्हा में पुरानी रंजिश और प्रेम प्रसंग के शक में एक पूरे परिवार पर लाठी, पत्थर और टांगी से जानलेवा हमला किया गया था। घटना 26 नवंबर 2023 की रात करीब 8 से 8.30 बजे के बीच की है। प्रार्थी परिवार परदेशी बाई पति भागवत निषाद के मुताबिक, आरोपी हीरालाल निषाद का परिवार उनके बेटे मनोहर के साथ अपनी बेटी सरोजनी के प्रेम संबंध का शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों में पिछले 2-3 सालों से विवाद चल रहा था। घटना की रात, आरोपी हीरालाल निषाद, उसका बेटा देवचरण उर्फ सूरज और पत्नी गंगोत्री बाई एकजुट होकर आएं और लाठी और पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के बाद भागवत निषाद की मृत्यु हो गई। न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की अदालत ने अभियोजन पक्ष शासन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत 17 गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और पुख्ता सबूतों के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषी पाया। कोर्ट ने आरोपी हीरालाल निषाद, देवचरण उर्फ सूरज निषाद को आजीवन सश्रम कारावास और 500 का अर्थदंड सहित विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। आरोपी गंगोत्री बाई को बलवा और जानलेवा हमले की साजिश व मारपीट में शामिल होने के लिए प्रत्येक पीड़ित के संबंध में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास और 100-100 का अर्थदंड। धारा 148 में 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 100 का अर्थदंड से दण्डित किया गया है।

## मुर्गा लेने की बात पर दो पक्षों में मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** मुर्गा लेने की बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार बेलसरी निवासी सुरेंद्र कोशले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 जुलाई की शाम 6 बजे उसके भतीजा रंजीत के साथ पुरानी बातों को लेकर आलोक आहुजा ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। वहीं सुनील आहुजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गोल्डी पुरेन ने रात्रि 8 बजे आलोक आहुजा के पास मुर्गा लेने की बात पर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामले को संज्ञान में दोनो पक्षों पर लेकर धारा 115,2 296, 3,5 351,3 के तहत काउंटर अपराध पंजीबद्ध किया है।



## वरिष्ठ नागरिकों ने किया पौधरोपण

**तखतपुर।** नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने सोमवार को नगर के मुक्तिधाम परिसर में सामूहिक पौधरोपण किया। इस अवसर पर बुजुर्गों ने पीपल, बरगद, नीम सहित कई प्रकार के छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण में सहायक पौधे लगाए। सभी पौधों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों ने कहा कि वृक्ष ही जीवन हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोहन सिंह, योगेंद्र मिश्रा, नारायण प्रसाद पाली, रोहित सिंह गोपाल सिंह क्षत्रिय ,कोमल सिंह ठाकुर सूरज सिंह उपस्थित रहे।

## सफलता का कोई शार्टकट नहीं: गुप्ता





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व शिक्षक।

**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक गुप्ता ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की छात्राओं से संवाद किया।

उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए अभी से गंभीरता एवं योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं को अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन, परीक्षा की रणनीति तथा कैरियर कांउसलिंग की। अपने उद्बोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। संवाद कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने परीक्षा तैयारी, विषय चयन, उच्च शिक्षा एवं कैरियर संबंधी अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से उत्तर दिया। कार्यक्रम में छात्राओं को अन्य शिक्षकों रश्मि मिश्रा,अमोद एक्का, मीनाक्षी शर्मा,अंकित विश्वकर्मा, दिब्या गुप्ता, माहेश्वरी सिन्हा, मीनाक्षी बनर्जी, पारुल यादव, ने आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर बलीराम सूर्यवंशी, मिनाज खान, संदीप धरु, मयंक यादव, गिरधारी वैष्णव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**बोदरी।** नगर पालिका बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई को शाम 4 बजे निकाली जाएगी।

पार्षद राजा साहू ने बताया कि रथयात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलदाऊ एवं बहन सुभद्रा सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति शामिल होकर अपने हाथों से रथ खींचेंगे और पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।इस वर्ष रथयात्रा का विशेष आकर्षण रायगढ़ से आई भव्य करमा नृत्य एवं भजन मंडली तथा आकर्षक धार्मिक झांकियां रहेंगी। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए फल, मिष्ठान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। रथयात्रा को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी व्यापक तैयारियां कर ली हैं। चकरभाठा थाना प्रभारी भावेश शेंडे ने बताया कि असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि नगर पालिका बोदरी एवं थाना चकरभाठा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे।

## सरकारी संपत्ति कबाड़ में बेचने का आरोप





**बिल्हा।** जिले की ग्राम पंचायत सारधा स्थित स्कूल में सरकारी संपत्ति को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है।

आरोप है कि विद्यालय में रखी सरकारी टेबल-कुर्सियों सहित अन्य फर्नीचर को बिना किसी अनुमति, विद्यालय प्रबंधन समिति अथवा संबंधित अधिकारियों की बिना जानकारी दिए कथित रूप से तुड़वाकर कबाड़ में बेच दिया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कबाड़ में बेचे गए फर्नीचर का वजन लगभग 5 क्विंटल बताया जा रहा है। आरोप यह भी है कि पूरी प्रक्रिया अत्यंत गोपनीय तरीके से की गई, जिससे विद्यालय के अधिकांश कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। विद्यालय की संपत्ति सार्वजनिक धन से खरीदी जाती है और उसके निस्तारण के लिए शासन के निर्धारित नियमों एवं सक्षम अधिकारियों की अनुमति आवश्यक होती है। ऐसे में यदि बिना वैधानिक प्रक्रिया के सरकारी सामग्री का निस्तारण किया गया है, तो यह गंभीर प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितता का विषय माना जा सकता है। निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की जा रही है।

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

श्रीमती अल्पना पाण्डेय.....आवेदिका
**बनाम**
दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे वगै.....अनावेदकगण

उत्त.प्र.क्रं.- 26/2026
आदेश दिनांक - 04.07.26
पेशी दिनांक - 04.08.26
प्रो. नंबर - 90/2026

बनाम :- आम जनता।

आवेदिका के पति समय लाल पाण्डेय पिता स्व.लोकनाथ पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 15.10.2025 को हो जाने के परिणाम स्वरूप उनके सर्विस दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर मे जमा समस्त देयकों की राशि,पारिवारिक पेंशन, एवं समस्त बंदोबस्त भुगतान व अन्य लाभ हेतु आवेदिका के पक्ष में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदाय बाबत दावा आवेदन इस माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है, जो सुनवाई हेतु दिनांक 04.08.2026 को नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी आम जनता, बैंक, निकाय, संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति पेशी तिथि 04.08.2026 को स्वंय या अपने प्लीडर के माध्यम से इस न्यायालय में दिन के 11.00 बजे उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख सकते है। यदि उक्त तिथि को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य किसी कारणवश स्थगित हो जाता है प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे एक पक्षीय रूप से की जायेगी।

अतः आज दिनांक 09.07.26 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**असलम खान**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**- सूचना-**
क्र./क/ तह / रा.नि./सीमा./2026
सरकण्डा, दिनांक 07/07/2026

प्रति,
1 आवेदक दयाशंकर सोनी पिता स्व. बलभद्र सोनी 2. प्राचार्य, शास.उच्चतर माध्य. शाला चाँटीडीह 3.रामू गुप्ता/सालिकराम गुप्ता (9098387072) 4. टहलू, राजकुमार, टिल्लू पिता केनूवा 5. विनोद कुमार बेलदार पिता टहलू बेलदार 6. जाकिर अली पिता शौकत अली 7. चाँटीडीह स्कूल प्रबंधन समिती 8. अन्य हितबद्ध पक्षकार ग्राम चाँटीडीह।

विषय : सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बाबत्।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन कमाक / Q/ तह./रीडर/2021 बिलासपुर, दिनांक 17/06/2026..रा.प्र.क.

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक दयाशंकर सोनी/ स्व. बलभद्र सोनी निवासी मेलापारा चांटीडीह द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 34 रकबा 0.2140 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार ना. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 17/07/26 को सुबह / दोपहर / शाम, समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप : विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर :- 9827177464

**राजस्व निरीक्षक - सरकण्डा**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क. /ब-121/2023-24
ग्राम बहतराई तहसील सकरी, बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामसिंग पिता हिरदे निवासी बहतराई तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग के द्वारा अपने पिता जानकी बाई पिता हिरदे की जन्म / मृत्यु दिनॉक 10.11.2005 को ग्राम बहतराई में होने के कारण जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 13 (3) / 9(3) के तहत जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत : उक्त आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 24.07.26 के पूर्व अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनॉक 10.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं शुभम देवांगन उम्र 31 वर्ष पिता श्री रवि देवांगन निवासी नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :- **1.** यह कि मेरे आधार कार्ड क. 7415 8883 9607 में मेरा नाम शुभम देवांगन दर्ज हो गया है। तथा कक्षा 10वी के मूल अंकसूची में मेरा नाम शुभम कुमार देवांगन दर्ज है। **2.** यह कि उपरोक्त दोनों नाम शुभम देवांगन एवं शुभम कुमार देवांगन मेरे ही नाम है तथा एक ही व्यक्ति का नाम है अतः उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का माना जावे। **3.** यह कि मैं बिलासपुर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र में पासपोर्ट बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हूं। **4.** यह कि उक्त आधार कार्ड की मूल प्रति मेरे द्वारा उक्त सेवा केन्द्र में प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसके अनुसार मेरा नाम शुभम देवांगन दर्ज किया जावे, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।


**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं शुभम देवांगन उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक में लिखी बातें सत्य व सही है जिसे दिनांक 13/07/2026 को स्थान बिलासपुर में पढकर/पढ़ाकर सुनकर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

## शोक संदेश



**स्व. लालमन साहू जी**

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी **स्व. लालमन साहू जी** का स्वर्गारोहण दिनांक 5.07.2026 दिन रविवार को हो गया है।

**दशगात्र :-** दिनांक 15.07.2026 दिन बुधवार "सामुदायिक भवन" पुत्री शाला, कांग्रेस भवन के पास, तिलक नगर, बिलासपुर

**तेरहवी :-** दिनांक 18.07.2026 दिन शनिवार हमारा निवास स्थान, साहू बाडा, मिलन चौक, कुदुदण्ड, बिलासपुर

नोटः- (1) तालाब कार्यक्रम सुबह 10.00 बजे से होगा ।
(2) तेरहवी कार्यक्रम दोपहर 1.00 बजे से 5.00 बजे तक

अतः उपरोक्त कार्यक्रम में पहुंचकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

**शोकाकुल परिवार**


शीतल साहू (पुत्र) मो. 7723843608 योगेश साहू (पुत्र) 9827170713
ताराचंद साहू, खेमचंद साहू, चेतन साहू (भतीजा)
प्रहलाद-चम्पा साहू, भागवत-आशा साहू, संतोष माधुरी साहू
अशोक-यशोदा (दमाद-पुत्री) एवं समस्त साहू परिवार

नोटः- कृपया जिन्हें शोक पत्र नहीं पहुंच पाया है। कृपया इस संदेश को स्वीकार करे



DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



## खबर संक्षेप

### जीएम ने किया रेलवे स्कूल का निरीक्षण

**बिलासपुर।** जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सोमवार को रेलवे के हायर सेकेंडरी स्कूल नम्बर एक का निरीक्षण किया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय की मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लेना और बच्चों को मिल रही शैक्षणिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करना था। महाप्रबंधक ने स्कूल के क्लासरूम, प्रायोगशाला और परिसर का अवलोकन का बच्चों के शैक्षणिक विकास पर विशेष जोर देते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी दर्शनीता अहलूवालिया, प्रधान मुख्य अभियंता एके पाण्डेय, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता आरके चौधरी, अपर मंडल रेल प्रबंधक जेसी मीना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### जिला प्रबंधन समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रबंधन समिति की बैठक 14 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत शौचालय निर्माण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कम्पोस्ट पिट, सोक पिट, सामुदायिक शौचालय निर्माण जैसे अन्य एजेण्डों पर चर्चा की जाएगी।

### स्थायी संचार तथा संकर्म समिति की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की स्थायी संचार तथा संकर्म समिति की बैठक 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। बैठक में जल संसाधन संभाग खारंग एवं कोटा, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 एवं 2, वन विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### कालेजों में सेकंड लिस्ट जारी, कटऑफ डाउन

**बिलासपुर।** कालेजों में यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए मेरिट आधार पर सेकंड लिस्ट जारी कर दी गई है। इस बार पहली मेरिट लिस्ट से साइंस, आर्टस व कामर्स तीनों संकायों में कटऑफ थोड़ा डाउन हुआ है। सेकंड लिस्ट के आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। कालेजों में यूजी फर्स्ट सेमेस्टर में मेरिट आधार पर एडमिशन के लिए जिन फ्रेशर छात्र-छात्राओं का नाम पहली लिस्ट नहीं आ पाया था, उनमें से बहुत से छात्र-छात्राओं का नाम अब दूसरी लिस्ट में आ गया है। गवर्नमेंट एवं प्राईवेट सभी कालेजों में एडमिशन के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट निकाली जा चुकी है और उस लिस्ट के आधार पर एडमिशन जा रहा है। पहली लिस्ट में काफी हायर कटऑफ गया है। बीएससी बायो, गणित सहित बीकॉम एवं बीए में भी पहली लिस्ट में कहीं-कहीं हायर कटऑफ देखने को मिला। लेकिन सेकंड लिस्ट में साइंस, आर्टस व कामर्स तीनों संकायों में कटऑफ थोड़ा डाउन हुआ है। बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज जीडीसी में बीएससी बायो जनरल में 83.3 प्रतिशत, ओबीसी में 80 प्रतिशत, एससी में 78 प्रतिशत और एसटी में 71 प्रतिशत तथा बीएससी मैथ्स में जनरल में 85.4 प्रतिशत, ओबीसी में 82.2 प्रतिशत, एससी में 75.4 प्रतिशत, एसटी में 58.2 प्रतिशत कटऑफ गया है।

**दो हास्पिटलों और 20 से अधिक दुकानों का भी कब्जा** | **मंगला चौक से आजाद चौक तक की सड़क का निगम ने कराया सीमांकन**

# 900 मीटर की सड़क बनाने में 40 बिजली पोल, पांच ट्रांसफार्मर बने बाधा





**बिलासपुर।** मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाली सड़क 900 मीटर की सड़क और नाली का काम 7 महीने से रुका पड़ा है। ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है तो दूसरी ओर लोग और यहां के व्यापारी परेशान है। रोजाना लोग गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

हालांकि निगम का कहना है कि सीमांकन रिपोर्ट मिलने में देरी हुई।अब हालांकि यह रिपोर्ट मिल गई है और अगले कुछ दिनों में कब्जा हटाते हुए सड़क चौड़ीकरण के साथ ही नाली का काम तेजी से शुरू किया जाएगा। निगम के मुताबिक इस सड़क में स्थित दो हास्पिटलों का 8 फिट तक कब्जा आ रहा है तो 20 से अधिक दुकानों ने भी 4 से 6 फिट तक कब्जा किया हुआ है। कुछ घरों के भी बाउंड्री आगे बढ़ी हुई है। वन विभाग के आफिस का कुछ हिस्सा भी कब्जे में है। इन्हें हटाने कहा गया है। इसके बाद निगम बुलडोजर चलाएगा। मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब साफ हो गया। इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने पहले हटा दिया था लेकिन मंगला चौक से आजाद चौक तक और भी कब्जे बाकी रह गए थे। इनमें से कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की तो। दरअसल 20 दुकानें ऐसी हैं जो कि नालियों पर बनी हैं। इन्हें तोड़ने पर निगम को और चौड़ी सड़क मिल सकती है लेकिन फिलहाल दुकान के बगल से काम शुरू किया गया है।

#### ← 4 करोड़ में 900 मीटर सड़क औ नाली बनेगी →

नगर निगम ने द्वारा दिए गए इस काम के ठेके पर नजर डालें तो 4 करोड़ में ठेकेदार को 900 मीटर सड़क और नाली बनानी है।सड़क 14 मीटर (करीब 45 फिट) चौड़ी होगी। इसमें दोनों तरफ नालियां भी बनेंगी। निगम के मुताबिक सबसे बड़ी समस्या बिजली के 40 पोल और 5 ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर है। इस बारे में बिजली विभाग से बात चल रही है। फिलहाल रिटेनिंग वाल का काम जारी है। बारिश के बाद सड़क डामरीकरण किया जाएगा। निगम के अनुसार सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर नाली बनेगी।

#### 7 महीने से सड़क-नाली का काम बंद



यहां के व्यापारियों महेन्द्र कौशिक, जितू होतचंदानी और संदीप बाजपेयी ने बताया कि 7 महीने से सड़क-नाली का काम बंद है। इसकी शिकायत भी अधिकारियों के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में की गई है लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। बारिश के समय तो नाली दिखती ही नहीं। इसमें लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। गौरतलब है किमंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है, संकरी सडक़ और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है और सडक़ किनारे ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की वजह से बरसात में पानी भी भर जाता था।

#### 46 अतिक्रमण को निगम ने पहले हटाया

मंगला रोड में पेट्रोल पंप से लेकर आगे तिवारी कांप्लेक्स तक डेढ़ किलोमीटर के हिस्से में करीब 46 लोगों ने अपने घर और दुकानों के सामने 10 से 20 फीट तक का पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया हुआ था। सडक़ चौड़ीकरण के लिए इन अतिक्रमण को हटाना आवश्यक था। निगम कमिश्नर ने सडक़ निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने के और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम द्वारा सभी अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर दल बल के साथ सभी अतिक्रमण को हटाया गया। पूरे दिन भर चलें कार्रवाई में सडक़ चौड़ीकरण के लिए रास्ता अब साफ हो गया।

#### बारिश के बाद होगा डामरीकरण

पूरी सड़क का सीमांकन कराया गया है। इसकी रिपोर्ट आ गई है। जो कब्जे हैं उन्हें हटाया जाएगा। बारिश के बाद डामरीकरण होगा। नाली का काम बंद है तो ठेकेदार से बात करते हुए इसे कराया जाएगा।

\- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम कमिश्नर

**28 लाख की लागत से बने मोपका गौठान की यह है हालत**

# 100 की जगह 200 गौवंश ठूंसकर रखे गए, ना चारे की व्यवस्था ना पानी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका में बने शहरी गौठान की हालत खराब है। नगर निगम द्वारा संचालित इस गोठान में 100 गौवंश के रखने की व्यवस्था है लेकिन 200 से अधिक गायों और बछड़ों को यहां ठूंसकर रखा गया है। यही नहीं इन गौवंश के लिए ना तो पर्याप्त चारे की व्यवस्था है और ना ही पानी की। चारे के लिए पशु आहार की बजाय मात्र कटिया दिया जा रहा है।पिछले दो दिनों से तो यहां पानी की सप्लाई भी नहीं की गई थी। बड़ी मुश्किल से यहां के चौकीदारों ने स्थिति संभाली। सबसे बड़ी बात की डोर- टू- डोर कलेक्शन वाली गाड़ियां यहीं कचरा डंप कर रहीं हैं। इससे क्षेत्र में बदबू और गंदगी फैल रही है।

■ कचरा भी यहीं डंप किया जा रहा

नगर निगम के मोपका गोठान का क्षेत्रफल 12 एकड़ है। यहां छह शेड में 200 के करीब गोवंश रखा गया है। साथ ही खुले मैदान में 100 गाय रखने की व्यवस्था है। 28 लाख की लागत से मोपका में बने नगर निगम के गौठान में पहले भी गायों की लगातार मौतों की खबरें आती रहीं हैं।फिलहाल हालत यह है कि कचरा उठाने वाली गाड़ियां शहर भर का कचरा यहां डंप कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसके लिए मना किया लेकिन कोई मानता नहीं है।आसपास की महिलाओ ने बताया कि पहले गोठान के पीछे महिला समिति गोबर से केंचुआ खाद बनाने और शहरी कचरे को अलग-अलग करने का काम करती थी। अब लेकिन सब बंद हो गया है।






#### इस तरह की है समस्या

- गौठान की निर्धारित क्षमता कम है, लेकिन यहां मवेशियों को अधिक संख्या में रखा जा रहा है, जिससे उनके रहने में दिक्कत होती है
- मवेशियों को भरपेट हरा चारा और पोषण नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं, सिर्फ कटिया खिलाया जा रहा
- उचित देखभाल और पौष्टिक आहार नहीं मिलने (पॉलीथिन खाने जैसी समस्याएं) से कई गायों की असमय मौत की घटनाएं भी सामने आ चुकी है
- बीमार और घायल गायों के इलाज लिए नियमित रूप से डॉक्टरों और दवाओं की उपलब्धता में हमेशा कमी रहती है

#### तीन दिन से पंप बंद, चारे की व्यवस्था भी नहीं

लोगों के मुताबिक गाड़ी चालकों का कहना है कि कछार के कचरा प्लांट में कचरा नहीं लिया जा रहा है। इस बारे में अधिकारियों को बता चुके हैं। कचरा डंप करने और फेकने के लिए जगह का इंतजाम न होने के कारण वे लोग जहां जगह खाली और सुविधाजनक दिख रहा वही कचरा डंप कर रहें। इधर गौठान में पिछले तीन दिनों से पंप बंद है। पीने के लिए पानी तक नहीं था तो टैंकर मंगाकर काम चलाया गया। 300 से अधिक गायों के लिए थोड़ा सा ही चारा बचा है। ऐसे में गोठान में लगातार हो रही गायों की मौत, चारा-पानी की कमी और इलाज के अभाव ने निगम की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### गाय छुड़ाने 800 ले रहे पर नहीं दे रहे रसीद

गोठान में मवेशी छुड़ाने पहुंचे कुछ युवकों ने बताया कि गाय छुड़ाने के नाम पर उनसे 800 रुपए वसूले गए, लेकिन स्टाफ ने और पैसों की मांग की। यहां तक कि एक दिन का 150 रुपए चार्ज भी लिया जा रहा है। सवाल यह है कि जब निगम इन मवेशियों को गोठान में रख रहा है तो गाय मालिकों से जबरन वसूली क्यों की जा रही है, इसके साथ ही रसीद भी नहीं दी जा रही। इसके साथ ही शहर में रोजाना सड़कों पर झुंड में घूमते मवेशी न सिर्फ दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं, बल्कि गोठान के भीतर भी बदहाली की स्थिति से अब यहां मवेशी दम तोड़ने लगे हैं।

#### कचरा डंप करना गलत है

गौठान के करीब कचरा डंप किया जा रहा है तो गलत है। इसकी जानकारी ली जाएगी और मना किया जाएगा। चारे और पानी की कमी की शिकायत तो नहीं मिली है।इसके बाद भी सोमवार को मौके का निरीक्षण कर लिया जाएगा। जो भी अव्यवस्था होगी उसे दूर किया जाएगा।

\- **श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

### मवेशियों को पकड़ने निगम का अभियान, 20 दिनों में 600 से अधिक मवेशी पकड़े

बारिश शुरू होते ही मवेशियों का झुंड फिर सड़कों पर आ गया है, जिसे देखते हुए नगर पालिक निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। पिछले बीस दिनों में निगम ने 600 से अधिक घुमंतू मवेशियों को पकड़ा है। जिनमें 150 मवेशी जैतपुरी गोधाम और 160 मवेशियों को सिरगिट्टी तथा 292 मवेशियों को मोपका गोठान में रखा गया है। निगम का यह अभियान सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और सड़क पर घूमने वाले गोधन को सुरक्षित रखने के साथ ही सड़कों को पशु मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा है। निगम के मुताबिक ऐसे पशु मालिक जो अपने पशुधन को खुलें में छोड़ देते हैं उनके खिलाफ नगरीय निकाय अधिनियम 358 के अनुच्छेद 2 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा समझाइश और जुर्माने के बाद भी लगातार अपने पशुओं को सड़क पर छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया जाएगा। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि अपने गोधन को बाहर ना छोड़ें और पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रख कर चारा-पानी की समुचित व्यवस्था करें।

■ जैतपुरी गोधाम, मोपका और सिरगिट्टी गोठान में रखें गए हैं मवेशी



# चौकीदार की हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**24 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपियों को धरदबोचा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मछली मारने के विवाद और समझौते के बाद चौकीदार को स्कार्पियो से टक्कर मारने व लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या करने के मामले में रतनपुर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रतनपुर मेलनाडीह निवासी श्याम सिंह पोर्ते पिता बहोरिक सिंह पोर्ते 40 साल ने पुलिस में रिपोर्ट लिखाई थी कि वह व मृतक तिरिथ राम यादव खूंटाघाट में मछली ठेकेदार के लिए रात में चौकीदारी करता है। 11 जुलाई की रात 9 बजे दोनों खाना खाने के बाद बाइक क्रमांक सीजी 10 ईएफ, 7425 से काम पर गांव से खूंटाघाट बांध नवागांव कैम्प जा रहा था। नवागांव मउहा डबरी तालाब के पास पहले से घात लगाकर खड़े गोलू धीवर, अनिश धीवर अपने साथियों के साथ स्कार्पियो से उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तिरिथ राम यादव तालाब के पार गड्ढे में जाकर गिर गया और वह बाइक सहित मौके पर गिर गया। गोलू धीवर ने उस पर लाठी से तीन बार हमला किया। जिससे वह किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर दौड़ते हुए भागकर गांव चला गया। उधर हमलावरों ने तिरिथराम यादव की लाठी से पीट पीटकर जघन्य हत्या कर दी।

12 जुलाई की सुबह फिर से उसके दोस्त खोजने मौके पर गए तो तालाब के नीचे गड्ढे में तिरिथ राम यादव की खून से लथपथ लाश मिली थी, सोमवार को रतनपुर पुलिस ने कान्हा धीवर ऊर्फ गोलू पिता निरंजन धीवर उम्र 34 वर्ष,अनिश धीवर ऊर्फ छोटू पिता सुखदेव धीवर उम्र 22 वर्ष, शुभम प्रधान ऊर्फ शोभू पिता रवि प्रधान उम्र 21 वर्ष सभी निवासी नवागाँव (गिरजाबंद) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### वाहनों से डीजल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेलर वाहनों से डीजल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। घटना कोनी थाने की है। पचपेड़ी नाका टिकरापारा रायपुर निवासी विनोद कुमार पांडेय ने कोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि 1 जुलाई को ग्राम गतौरी के पास बाबी ढाबा के पास ट्रेलर में लगभग 200 लीटर डीजल भरवाकर गया था। चालक गतौरी के पास भोजन करने वाहन खड़ा कर उतरा तो अज्ञात चोरों द्वारा ट्रेलर की टंकी से लगभग 150 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, दो स्कॉर्पियो वाहनों में सवार कुछ व्यक्ति नेशनल हाईवे, गतौरी के पास चोरी का डीजल बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर 3 आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि 2 आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडजी 2645 व सीजी 10 बीके 0938 में 200 लीटर चोरी का डीजल तथा डीजल चोरी में प्रयुक्त पाइप एवं छड़ बरामद कर ली गई है। पूछताछ एवं पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। फरार तीन आरोपियों की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों में सीलपुर कोतमा निवासी शिवप्रसाद उर्फ छोटू लोनिया पिता अयोध्या प्रसाद बरपाली भदोरिया खार कोनी निवासी भानु प्रसाद लोनिया पिता बैसाखू राम लोनिया शामिल है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा अंतर्गत ग्राम पत्थरखान एवं कड़ार में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक रिक्त पदों पर 17 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाईन आवेदन aww.e-bharti.in में जाकर कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन परियोजना कार्यालय में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# ट्रेन के ऊपर चढ़कर हंगामा मचाने वाले युवक को बचाने हाईवोल्टेज करंट सप्लाई की गई बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन के ऊपर चढ़कर युवक ने हंगामा मचाना शुरु कर दिया, जिसपर अचानक नजर पड़ते ही बड़े हादसे की आशंका होने से पहले ओएचई की करंट सप्लाई बंद करने के बाद युवक को सही सलामत नीचे उतार कर आरपीएफ के सुपुर्द कर दिया गया।

सोमवार को बिलासपुर रेल मंडल के पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन पर युवक अचानक मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। ट्रेन के ऊपर चढ़ने के बाद युवक मस्ती करने लगा। ओवरहेड हाई वोल्टेज लाइन के बेहद करीब पहुंचने के कारण बड़ा हादसा होने की आशंका पैदा हो गई।



युवक को मालगाड़ी से उतारते रेलवे कर्मचारी।

आरपीएफ और स्टेशन पर मौजूद रेल कर्मचारियों ने युवक को मालगाड़ी से नीचे उतरने का काफी प्रयास किया, लेकिन युवक कर्मचारियों को देखकर मालगाड़ी के किनारे ऊपर चढ़ने का प्रयास करने लगा। युवक जिस तरह से ऊपर चढ़ रहा था, उसकी ओएचई की चपेट में आने और बड़ा हादसा होने की आशंका हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे कर्मचारियों ने तत्काल ओएचई की हाईवोल्टेज करंट सप्लाई बंद कराने का आदेश दिया।

करंट सप्लाई बंद होने के बाद आरपीएफ और रेल कर्मचारियों ने युवक को नीचे उतारकर समझाइश दी। समय रहते करंट सप्लाई बंद किए जाने से बड़ा हादसा टल गया। आरपीएफ के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जो गौरेला थाना क्षेत्र के तरईगांव का रहने वाला था। युवक को मालगाड़ी से नीचे उतरकर समझाइश देने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### कृषि विज्ञान की पूरक परीक्षा, 3 अनुपस्थित



**लोरमी।** छग़ माध्यमिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय मुख्य परीक्षा के तहत कृषि विज्ञान के मूल तत्व में 4 में 3 इतिहास में, 7 में 6 व्यवसाय अध्ययन में, 5 में 4 कुल 16 परीक्षार्थी में 13 परीक्षार्थी उपस्थित पाए गए। माध्यामिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए नियमानुसार सेट वाइस प्रश्न पत्र वितरण, बैठक व्यवस्था, पेयजल शौचालय व्यवस्था विद्युत प्रकाश व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

### जमुनाही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने ईश्वर प्रसाद



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में शाला प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच चंद्रमणि साहू ने की। बैठक में सर्व सम्मति से ईश्वर प्रसाद निषाद को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर गनेशीया बाई निषाद को नियुक्त किया गया। सरपंच चंद्रमणि साहू ने कहा कि शाला में बेहतर शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में परीक्षित निषाद, ओम प्रकाश साहू, मयाराम निषाद, दाऊ लाल निषाद, रानियां बाई, समें लाल, सुरजा निषाद, रमेश निषाद, राजेंद्र साहू, ललिता यादव, त्रिभुवन साहू, राजकुमारी साहू, जलेश्वरी निषाद, नियुक्त किए गए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कल्याण संघ जिला इकाई का गठन, प्रभात बने जिलाध्यक्ष



**बेलतरा।** छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बिलासपुर वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुबोध तिवारी की अनुशंसा एवं प्रदेश महासचिव की उपस्थिति में सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन किया गया। श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ बिलासपुर जिला कार्यकारिणी का बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राधेश्याम कोरी, प्रदेश संगठन सचिव डॉ. अजय चक्रधारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष साहू, सोमनाथ चंद्रा तथा ओमप्रकाश साहू की उपस्थित रहे। नई जिला कार्यकारिणी गठन 2026-27 में प्रभात सोनछत्र को जिला अध्यक्ष, लता गुप्ता को उपाध्यक्ष, सागर सोनी को महासचिव, पुष्पा साहू को संगठन सचिव तथा नीरज साहू को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### डिप्टी सीएम साव से मिले नपा अध्यक्ष जालान



**पेंड्रा।** नगर पालिका पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर पेंड्रा बाईपास निर्माण की मांग को लेकर जिला प्रेस क्लब पेंड्रा द्वारा आयोजित धरना-प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की जानकारी दी। उन्होंने बाईपास निर्माण पर सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान नगरपालिका परिषद पेंड्रा के उपाध्यक्ष शरद गुप्ता भी मौजूद रहे। श्री जालान के नेतृत्व में केसरवानी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री से समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर उपमुख्यमंत्री ने समाज भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इस घोषणा पर समाज के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में केसरवानी समाज के जिला अध्यक्ष हरवंस गुप्ता, राजकुमार केसरी, देवनारायण केसरी, सिद्धार्थ गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### लाईवलीहुड कॉलेज में 27 तक आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जमकोर में कौशल विकास योजना अंतर्गत हेल्थ केयर, पावर एवं ऑटोमोटिव सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से ट्रेनिंग पार्टनर, व्यसायिक प्रशिक्षण प्रदाताओं का चयन किये जाने हेतु रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट अथवा प्राइवेट कूरियर के माध्यम से 27 जुलाई शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन की वेबसाइट तथा जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी के कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

मंदिर के शिखर पर किया जाएगा ध्वज परिवर्तन

# जगन्नाथ मंदिर का पट आज खुलेगा नवयौवन रूप में होंगे प्रभु के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे परिक्षेत्र स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का पट मंगलवार 14 जुलाई को खुलेगा। इस दिन भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भक्तों को दिव्य नवयौवन स्वरूप में दर्शन देंगे। मंदिर के शिखर पर परंपरागत ध्वज परिवर्तन भी किया जाएगा। जिसे भगवान के पूर्णतः स्वस्थ होने और पुनः भक्तों के बीच आने का शुभ संदेश माना जाता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ होकर 15 दिनों तक एकांतवास में रहते हैं। इस दौरान उनकी औषधीय सेवा और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहता है। इस बीच मंदिर के पुजारियों द्वारा निरंतर काढ़ा देने से महाप्रभु की तबियत में सुधार होते जाता है। उनके स्वस्थ होते ही मंदिर का पट खुल जाता है। उत्कल समाज के अध्यक्ष के.के. बेहरा ने बताया कि इस वर्ष तिथियों के परिवर्तन के कारण मंगलवार 14 जुलाई को नेत्र उत्सव मनाया जाएगा एवं महाप्रभु का नवयौवन रूप में दर्शन होंगे। गुरुवार 16 जुलाई को भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी।





### पूजा, श्रृंगार बाद आज बदले जाएंगे ध्वज

मंगलवार 14 जुलाई को सुबह से महाप्रभु की विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार किया जाएगा। ध्वज परिवर्तन की परंपरा संपन्न होगी। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। नवयौवन दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्था पुख्ता किया गया है।

### इस्कान की जगन्नाथ रथयात्रा 19 को




इस्कॉन बिलासपुर प्रचार केंद्र द्वारा श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव 2026 का आयोजन 19 जुलाई रविवार को किया जाएगा जो कि दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी। रथयात्रा बृहस्पति बाजार से शुरू होकर सदर बाजार, गोल बाजार, तेलीपारा रोड, पुराना बस स्टैंड चौक, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक होते हुए पुनः बृहस्पति बाजार पहुंचेगी। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की भव्य झांकी आकर्षण की केंद्र रहेगी। इस्कॉन बिलासपुर ने शहरवासियों से रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**बिल्हा।** बिल्हा क्षेत्र के आमजन को अघोषित बिजली कटौती, अधिक बिजली बिल, जर्जर सड़कों सहित अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के नेतृत्व में शनिचरी बाजार में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय बिल्हा का घेराव कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने गांव के गरीबों के लिए मनरेगा शुरू किया। किसानों के विकास के लिए काम किया, लेकिन वर्तमान सरकार बिजली बिल के रूप में दो से तीन हजार की वसूली कर रही है। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने मनरेगा, राम मंदिर में चंदा चोरी के बारे में बताया और कहा कि अरपा भैसाझार परियोजना का पानी बिल्हा के किसानों को अभी तक नहीं मिल रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। धरना को राजेंद्र शुक्ला, नानक रेलवानी संदीप यादव, रूपेंद्र वर्मा, घनश्याम डहरिया, लाला यादव अंकुश ठाकुर, राजू ध्रुव, मनहरण सोरी राजेंद्र वर्मा ने भी सम्बोधित किया।

### गौरेला-पेंड्रा में भी प्रदर्शन




पेंड्रा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष गजमति भानु के नेतृत्व में राम मंदिर में कथित चंदा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में पेंड्रा बस स्टैंड एवं गौरेला स्थित संजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गजमति भानु ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। मंदिर के चढ़ावे एवं वित्तीय लेन-देन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अत्यंत गंभीर विषय है। पेंड्रा में कार्यक्रम के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल (बंका) ने कहा कि धार्मिक संस्थाओं की धनराशि जनता की आस्था की अमानत होती है। गौरेला में कार्यक्रम के प्रभारी गुलाब राज ने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि राम मंदिर में चढ़ावे की राशि श्रद्धालुओं की श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। इस राशि में हुई कथित वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिलाना सरकार का दायित्व है। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लगातार उठाती रहेगी। इस दौरान रमेश साहू, गौरेला ब्लॉक अध्यक्ष बलवीर कर्सायल, गिरजा रानी पट्टाम ने भी अपने विचार रखे। प्रदर्शन में मदन सोनी पवन केसरवानी, पार्षद राजेश गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि रमेश कोल गिरजा रानी पोटम सुनीता थिमोथी शिवांश दूबे माया, शुशीला गब्बर रजक टाइगर अलोक शुक्ला अरुण जायसवाल संतोष मलाईया धीर सिंह बंधी सरपंच राहुल बल्ली कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी सत्र का गठन किया गया है। यह मनोनयन सम्मेलन के छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल एवं महामंत्री महेश अग्रवाल की अनुशंसा पर किया गया।

जिला अध्यक्ष सीताराम महलवाला एवं महामंत्री दीपक गोयल ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में फकीर चंद अग्रवाल, पवन कुमार सुल्तानिया, धरमप्रकाश सातवाला, गुलाबचंद महलवाला, राजेश कुमार गर्ग एवं मनोज अग्रवाल (यादू भैया) को शामिल किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर रवि फरमानिया एवं अजय सुल्तानिया, सचिव राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हर्ष गोयल, मंत्री प्रमोद मित्तल एवं जगदंबा प्रसाद मित्तल को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा विकास महलवाला कार्यक्रम प्रभारी, अतुल अग्रवाल सदस्यता प्रभारी, दीपक अग्रवाल मीडिया प्रभारी, अनमोल अग्रवाल प्रचार-प्रसार प्रभारी तथा मुकुल अग्रवाल कार्यालय प्रभार सहित विभिन्न सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्यों में अग्रवाल सभा पेंड्रा के अध्यक्ष प्रमोद गोयल एवं सचिव विजय महलवाला शामिल हैं, जबकि अग्रवाल सभा गौरेला के अध्यक्ष एवं सचिव पद रिक्त हैं। प्रदेश कार्यकारिणी में जीपीएम जिले से गोविंद सहाय अग्रवाल को उपाध्यक्ष तथा रितेश फसवानिया, शिव मित्तल, गगन अग्रवाल, सौम्य सुल्तानिया, आशीष गोयल एवं कुमार मंगलम सुल्तानिया को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

### वनांचल में बुनियादी सुविधाओं के लिए 90 लाख मंजूर

**लोरमी।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा अचानकमार क्षेत्र के दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों के त्वरित अनुपालन में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने अचानकमार, शिवलखार, सुरही, बिंदावल, बोईरहा सहित अन्य दूरस्थ एवं पहुंचविहीन गांवों में बंद एवं खराब पड़े सौर संयंत्रों के सुधार, मरम्मत तथा पोटा केबिन स्थापना के लिए जिला खनिज न्यास मद से 60 लाख रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध कराने पर सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से वनांचल क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बेहतर होगी तथा ग्रामीणों को दैनिक जीवन में आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक में कलेक्टर ने पटपरहा, कटामी, निवासखार, झिरिया, खपरीखुर्द घाटापानी, कारीडोंगरी एवं कोशलीकला मारा डबरी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 लाख रुपये से अधिक की लागत से ग्रेव्हल पैक ट्यूबवेल हैंडपंप स्थापित करने की भी स्वीकृति प्रदान की।

## कलेक्टर ने किया सांख्यिकी पुस्तिका का विमोचन



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला सांख्यिकी पुस्तिका एवं जनपदीय समाजार्थिक समंक विवरणिका पुस्तिका वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंकड़ों का संकलन, वर्गीकरण एवं प्रकाशन एक श्रमसाध्य और चुनौती पूर्ण कार्य है। कलेक्टर ने बताया कि पुस्तिका में वर्षा, जलवायु, जनसंख्या, क्षेत्रफल, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, वन, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, सिंचाई, पशुधन एवं कुक्कुट, उद्योग एवं खनिजकर्म, परिवहन एवं संचार, श्रम एवं रोजगार, सहकारिता एवं बैंकिंग, स्वास्थ्य एवं पेयजल तथा न्यायिक एवं प्रशासनिक सहित विभिन्न विभागों के सांख्यिकीय आंकड़े तालिकाओं के माध्यम से संकलित किए गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रकाशन शासकीय कार्यालयों, शोधकर्ताओं, योजनाकारों तथा आम नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और जिले के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## 16 को मनेगा बाबा रामदेव मंदिर का स्थापना दिवस



**मुंगेली।** श्री बाबा रामदेव मंदिर में आगामी 16 जुलाई को 16वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस उत्सव को लेकर रामदेव सेवा समिति द्वारा तैयारियां अंतिम चरणों में हैं और नगर के भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। 16 जुलाई को धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला सुबह 9:15 बजे बाबा रामदेव के अभिषेक और आरती के साथ शुरू होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से भक्तों के लिए प्रसादी का वितरण किया जाएगा। , जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में 16 जुलाई की रात्रि 8:30 बजे से भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है। रामदेव सेवा समिति ने नगर के सभी धर्मप्रेमियों से इस अवसर पर मंदिर पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर किया सम्मानित

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1 का विस्तृत एवं सूक्ष्म निरीक्षण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षणिक विकास पर विशेष जोर देते हुए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने कहा कि बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने खेल, शिक्षा एवं विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## फरनामिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने बांटी शैक्षणिक सामग्रियां



**पेंड्रा।** स्व. शरबती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं समाजसेवी सत्य प्रकाश फरमानिया ने विभिन्न शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप स्कूल बैग, कॉपी, नोटबुक, पेन, पेंसिल सहित अन्य अध्ययन सामग्री का वितरण किया। इस दौरान प्राथमिक शाला चौबेपारा, पतेराटोला, तालाबपारा, कोलानपारा, जमड़ीखुर्द, टिकरीपारा, बकौलीपारा, सोनबचरवार, जोड़ातालाब पारा, लाटा, जमड़ीपारा, घठौली, बेलपत, छीतादाह, करगीखुर्द, अड़भार, सेवरा, बंधी, सेमरपारा, पंडरीखार, सेखवा, खपरैलटोला, जमुनाही, रूमगा, नाका, जमुनाही सेमरदर्री, सिंगारबहरा तथा कन्या प्राथमिक शाला रूमगा सहित अनेक विद्यालयों में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा पूर्व माध्यमिक शाला जोड़ा तालाब, पूर्व माध्यमिक शाला घठौली तथा शासकीय उन्नत पूर्व माध्यमिक शाला कुड़कई के विद्यार्थियों को भी आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की गई।

कलेक्टर-एसएसपी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

# समग्र विकास का आधार है जनसंख्या स्थिरीकरण



**मुंगेली।** विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के तहत सोमवार को कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर से जनसंख्या स्थिरीकरण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रथ जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करेगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि जनसंख्या स्थिरीकरण केवल जनसंख्या नियंत्रण का विषय नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सशक्त परिवार और समग्र विकास का आधार है। उन्होंने नागरिकों से परिवार नियोजन के सुरक्षित एवं प्रभावी साधनों को अपनाने, गर्भधारण के बीच उचित अंतराल बनाए रखने तथा छोटे एवं स्वस्थ परिवार की अवधारणा को बढ़ावा देने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि 11 से 18 जुलाई तक जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम ष्माँ और बच्चे की भलाई और अनचाहे गर्भधारण को रोकने के लिए गर्भावस्था के बीच सही समय और अंतर निर्धारित की गई है। वहीं अभियान का संदेश जब लईका मन म होही सही अंतराल, परिवार बनही स्वस्थ अऊ खुशहाल जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. गिरीश कुर्रे ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से ऑडियो संदेश, प्रचार-प्रसार सामग्री एवं सूचना-शैक्षणिक सामग्री के जरिए लोगों को परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व, जन्म अंतराल तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान जिलेभर में परामर्श शिविर, परिवार नियोजन सेवाएं एवं विविध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के जिला नोडल अधिकारी परिवार कल्याण डॉ. अमित लाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार, जिला आरएमएनसीएएच सलाहकार डॉ. अखिलेश कुमार बंजारे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गल्ले से चोरी करने वाला पुराना कर्मचारी गिरफ्तार



**लोरमी।** ग्राम रंगियापारा के कपड़ा दुकान के कर्मचारी द्वारा गल्ले से समय-समय पर करीब 1.50 से 2 लाख रुपए चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 हजार नकद बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस के अनुसार रंगियापारा निवासी लखन साहू की कपड़ा दुकान के गल्ले से लगातार रुपए गायब होने पर उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला, जिसमें दुकान में पिछले चार वर्षों से कार्यरत कर्मचारी दुर्गेश साहू पिता मनबोध उम्र 26 वर्ष निवासी गोल्हापारा, थाना चिल्फी द्वारा समय-समय पर गल्ले से रुपए निकालकर चोरी करना पाया गया। आरोपी द्वारा लगभग 1.50 लाख से 2 लाख रुपए की चोरी करना पाए जाने से उसे हिरासत मे लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया, जिस पर चोरी की रकम में से 60 हजार रूपए नकद बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।